हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 32.4 डिग्री

न्यूनतम 19.8 डिग्री


10 इंदिरा मार्केट में महापौर का सख्त रुख, अतिक्रमण...



11 सुख आए तो भगवान की दया और दुख आए तो ...











## खबर संक्षेप

### मसाला व्यापारी से 1.70 लाख रुपए की लूट

**भिलाई।** दो नकाबपोश युवकों ने व्यापारी से नगदी रकम लूटने का मामला सामने आया है। घटना भठ्ठी थाना क्षेत्र का है।पुलिस ने बताया कि 22 फरवरी की रात कैम्प 2 भिलाई निवासी मसाला व्यापारी महादेव बाघमारे ने 1.70 लाख रुपए नगदी लूटा गया। महादेव सब्जी व्यापारी मरोदा के बाजार में दुकान लगाता है। रोज की भांति घटना की रात भी बाजार के बाद घर लौट रहा था। इस दौरान पावर हाउस ब्रिज के ऊपर दो नकाबपोशों ने चलती वाहन से पैसों से भरा बैग उठा लिया। रविवार को अपनी मोपेड से पीड़ित बाजार बाद घर जा रहा था। तभी बैग में 1.70 लाख हजार रुपए नगदी था। रात करीब 10.40 बजे पावर हाउस ओवरब्रिज के ऊपर सेक्टर की तरफ में पहुंचने पर दो युवकों ने काले रंग की बाइक से पहुंचे। पीड़ित के वाहन में रखे रकम के थैले को चलती वाहन से लूटकर फरार हो गए। शिकायत करने के बाद पुलिस ने आरोपियों की जांच शुरु की। घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला।

### कुल्हाड़ी से हमला करने वाले गिरफ्तार

**भिलाई।** विवाद कर कुल्हाड़ी से हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि आजाद चौक बोरसी में मोहन बंजारे पर आरोपी लक्ष्मण साहू ने कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। शिकायत के बाद आरोपी लक्ष्मण साहू को पुलिस ने पकड़ा है।

### कुम्हारी लूटपाट मामले में दो गिरफ्तार

**भिलाई-कुम्हारी।** जिले में दो लूट की घटनाएं और सामने आया है। पद्माभपुर दुर्ग का है। यहां एक महिला के गले से सोने के चेन पार किया गया। कुम्हारी थाना अंतर्गत क्षेत्र जहां पर तीन युवकों ने व्यक्ति से उसके भेड़ और पांच हजार रुपए नगदी की लूट कर ली। कुम्हारी पुलिस ने दो युवकों को पकड़ लिया। अहिवारा निवासी मो, अशरफ उर्फ सुल्तान कुरैशी ग्राम अकोला कपासबाड़ी से भेड खरीदकर बाइक से घर लौट रहा था। तभी केड़िया नाला कुम्हारी के पास स्कूटी सवार तीन युवकों पीछा कर नगदी 5 हजार लूटकर फरार हो गए । शिकायत के बाद पुलिस जांच में लिया। जिसमें आरोपी बेलदार पारा कुम्हारी निवासी राजू बेलदार, राम नगर कुम्हारी राकेश सोरी को पकड़ा गया। पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

## बजट में दुर्ग को क्या मिला, जानिए


# दुर्ग में बनेगा फ्लाईओवर, भिलाई में कमर्शियल कॉम्प्लेक्स सीजीआईटी सेंटर होगा विकसित, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

राज्य के बजट में दुर्ग-भिलाई सहित जिले को कई सौगातें मिली है। अधोसंरचना, शिक्षा, कानून-व्यवस्था और तकनीकी विकास के क्षेत्र में विशेष सौगात दी गई है। शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए दुर्ग के महाराजा चौक पर 3 करोड़ की लागत से फ्लाई ओवर बनेगा। 10 करोड़ की लागत से भिलाई में व्यवसायिक परिसर का निर्माण होगा। इससे उद्यमिता विकास व रोजगार की दिशा में बढ़ोतरी होगी । तकनीकी क्षेत्र में भी दुर्ग को और मजबूती मिलेगी। बजट में छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीजीआईटी की स्थापना दुर्ग में की जाएगी। वहीं स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु 20 करोड़ रुपये मिलेंगे। भवन विहीन विद्यालयों के भवन निर्माण के लिए प्रावधान किया गया है। जिला स्तर पर किराए के मकान में रहकर पढ़ने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किराया अनुदान अब सरकार देगी। स्वास्थ्य की दिशा में जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र दुर्ग के भवन निर्माण हेतु प्रावधान किया गया है।

एजुकेशन हब अब आईटी और एआई के क्षेत्र में करेगा विकास

### दुर्ग महाराजा चौक निर्माण



दुर्ग शहर के व्यस्ततम महाराजा चौक में 3 करोड़ रुपये की लागत से फ्लाईओवर निर्माण का प्रावधान किया गया है। इससे शहर की यातायात व्यवस्था सुगम होगी, जाम की समस्या में कमी आएगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

### मोहननगर थाना में बनेगा नया भवन




दुर्ग के मोहन नगर पुलिस थाना के लिए नवीन भवन निर्माण का प्रावधान किया गया है। इससे कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होगी, पुलिस प्रशासन को बेहतर संसाधन मिलेंगे और आम नागरिकों को अधिक सुविधाजनक वातावरण में सेवा प्राप्त होगी।

### व्यावसायिक परिसर निर्माण

भिलाई में व्यावसायिक परिसर के निर्माण हेतु बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, इससे स्थानीय व्यापार, उद्यमिता और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।

### मॉडल उप पंजीयक भवन

भिलाई में मॉडल उपपंजीयक भवन के बजटीय प्रावधान से अचल संपत्तियों के खरीददारों और विक्रेताओं को लाभ मिलेगा। वर्तमान में भिलाई में उपपंजीयक कार्यालय भवन के अभाव में लोगों को और स्टॉफ को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### भवनविहीन स्कूलों में अब भवन निर्माण

राज्य की बजट में शिक्षा विभाग को सर्वाधिक 22 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया है। प्रदेश सरकार का स्पष्ट संकल्प है कि कोई भी विद्यालय भवन विहीन न रहे और हर विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले। दुर्ग जिले में ऐसे 22 जर्जर विद्यालय हैं जिनके नवनिर्माण होने से विद्यार्थियों को सुविधा मिलेगी।

### मॉडल विद्यालयों को मिलेगी गति

बजट में प्रदेश के विभिन्न जिलों में 100 करोड़ की लागत से नए मॉडल विद्यालयों के लिए प्रावधान किया गया है। इससे दुर्ग जिले में 11 मॉडल विद्यालयों को भी गति मिलेगी। बोर्ड टॉपर विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों का भ्रमण करने का अवसर मिलेगा।

### उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किराया अनुदान

दुर्ग जिले के ग्रामीण अंचलों के मेधावी विद्यार्थी दुर्ग जिले में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कई विद्यार्थी किराए के मकान में रहकर अपनी पढ़ाई करते हैं। ऐसे विद्यार्थियों के लिए जिला स्तर पर किराए के मकान में रहकर पढ़ने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थियों को किराया अनुदान की व्यवस्था दी गई है।

### सीजीआईटी की होगी स्थापना

दुर्ग में नए छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ़ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (सीजीआईटी) की स्थापना से युवाओं और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए बड़ी सुविधा मिलेगी। इससे आईटी एवं तकनीकी क्षेत्र में प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा दुर्ग डिजिटल एवं तकनीकी हब के रूप में उभरेगा।

### गर्ल्स कॉलेज में खुलेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने का प्रावधान महिला शिक्षा को नई ऊँचाई देगा। इससे छात्राओं को उच्च स्तरीय शैक्षणिक सुविधाएँ, शोध एवं कौशल विकास के अवसर प्राप्त होंगे।

### जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र

बजट में जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र दुर्ग के भवन निर्माण हेतु प्रावधान किया गया है। जिससे स्वास्थ्य शिक्षा को मजबूती मिलेगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। वर्तमान में नर्सिंग प्रशिक्षण लेने वाले स्टूडेंट्स को परेशानी उठानी पड़ रही।

### तकनीकी विवि को मिलेंगे 20 करोड़

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु 20 करोड़ रुपये प्रदान किए जाने का प्रावधान किया गया है। इससे विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध, नवाचार और आधुनिक पाठ्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा तथा भिलाई तकनीकी शिक्षा के प्रमुख केंद्र के रूप में और मजबूत होगा।

# नवोदय विद्यालय बोरई में विद्यार्थियों से मारपीट करने वाले दो शिक्षक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जवाहर नवोदय विद्यालय बोरई में शिक्षकों द्वारा छात्रों के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया है।

घटना पुलगांव थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि नवोदय विद्यालय बोरई के छात्रों के के साथ मारपीट की गई है। उसमें एक कक्षा 10वीं और 12 वीं का छात्र है। पीड़ित के पिता डोमन देशलहरा के मुताबिक बेटे ने फोन पर बताया कि मोबाइल रखने की बात पर उसे और उसके अन्य साथियों को वाइस प्रिंसिपल के कमरे में शिक्षक पीयूष कुमार और पीटी शिक्षक रविशंकर मंडलोई ने बुलाकर जमकर पिटाई की है। आरोप है कि स्कूल के दोनों शिक्षकों ने मिलकर छात्रों की जमकर पिटाई से शरीर में अंदरुनी चोटें आई है। एक छात्र के प्राइवेट पार्ट पर टीचर ने लात मारी है। घटना 21 फरवरी शनिवार की है। पिटाई के बाद छात्रों ने घर में 22 फरवरी की रात फोन पर घटना की जानकारी दी। 21 फरवरी की सुबह दोपहर को मोबाइल अपने पास रखने की बात को लेकर छात्र को प्राचार्य ऑफिस में मोबाइल जमा कराने को कहा गया। फिर वाइस प्रिंसिपल के कक्ष में बुलाकर लकड़ी डंडे, हाथ-मुक्के, लात से मारपीट की गई। पुलिस ने छात्रों से मारपीट करने वाले पोस्ट ग्रजुएट शिक्षक पीयूष कुमार और पीटी शिक्षक रविशंकर मंडलोई को गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित छात्र के पिता ने शिक्षकों के खिलाफ थाने में शिकायत किया था। परिजनों का आरोप है कि पीटी टीचर रविशंकर मंडलोई ने जूता पहनकर छात्र के प्राइवेट पार्ट पर लात मारी। उसके बाद छात्र के प्राईवेट पार्ट और जांघ में सूजन, दर्द हो गया। 10 और अन्य छात्रों को पीटने का भी शिक्षकों पर आरोप लगा है।



■ पुलगांव पुलिस कर रही जांच, मोबाइल रखने को लेकर की थी मारपीट

### प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने पकड़ा




**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि डबरापारा उत्तर निवासी जग्गा ढीमर ने शिकायत की थी। डबरापारा शिव मंदिर के पास ओवरब्रिज के नीचे भिलाई तीन निवासी दीपक भारती, पवन भारती डबरापारा ओवरब्रिज के पास रोककर अश्लील गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी धारदार हथियार से हमला किया किया। दूसरे ने हाथ-मुक्का से मारपीट की। घटना में पीड़ित के गला, बाएं कंधे, बाएं हाथ के अंगूठे में चोट आई।

## बंगाल की खाड़ी में बढ़ रहा चक्रीय परिसंचरण

# नम हवाओं की वजह से अंधड़ और बदली, आज भी हल्की बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बंगाल की खाड़ी में चक्रीय परिसंचरण बढ़ने की वजह से मौसम में व्यापक बदलाव आने लगा है। मंगलवार को भी शाम करीब 4 बजे अंधड़ आई। हालांकि ये अधंड़ कुछ देर तक चली उसके बाद शांत हो गई। इसलिए शहर में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ लेकिन शाम को करीब 6 बजे फिर से तेज हवाएं चलने लगी। ऐसा लगा कि अब फिर से बारिश हो सकती है। आसमान में भी हल्के बादल छा गए। मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों तक इसी तरह के बदलाव के संकेत दिए हैं। जिसकी वजह से अंधड़, बदली और हल्की बारिश की स्थिति बन सकती है।



### ऐसा चल रहा है खाड़ी में सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक एक कम दबाव का क्षेत्र दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवर्ती परिसंचरण 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके लगातार पूर्व की ओर आगे बढ़ते हुए अगले 24 घंटे में और अधिक कमजोर होने की संभावना है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उससे लगे उत्तर तटीय उड़ीसा के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक से मराठवाड़ा तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### उत्तर से पूर्वी और दक्षिणी हवा का प्रभाव से बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक वायुमंडल के निम्न स्तर पर प्रदेश के उत्तर से पूर्वी हवा और दक्षिण से दक्षिणी हवा के प्रभाव से एक वायु संगमन क्षेत्र बना हुआ है। साथ ही इस मौसमी तंत्र के प्रभाव से काफी मात्रा में नमी आ रही है, जिसके कारण प्रदेश में अगले दो दिनों तक एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिलों में एक दो स्थानों पर ओला वृष्टि होने की संभावना है।

### अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस

मौसम विभाग के मुताबिक भिलाई दुर्ग सहित प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास परिवर्तन होने की संभावना नहीं है किंतु उत्तर छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ हो सकता है। दुर्ग में मंगलवार को अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा।

## शास्त्री हॉस्पिटल सुपेला में सोनोग्राफी सुविधा शुरू, 15 महिलाओं ने कराई जांच



**दुर्ग।** शास्त्री अस्पताल सुपेला में सोनोग्राफी की सुविधा शुरू हो गई है। लंबे समय से हॉस्पिटल में मशीन तो थी, लेकिन डॉक्टर नहीं थे। पिछले दिनों हरिभूमि ने इस खबर को प्रकाशित किया, इसके बाद कलेक्टर अभिजीत सिंह ने इसे संज्ञान में लिया। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी और सिविल सर्जन डॉ. आशीषन मिंज को निर्देशित किया गया। बता दें कि सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध होने के बावजूद विशेषज्ञ चिकित्सक की अनउपलब्धता के कारण उपयोग में नही लाई जा रही थी। खबर छपने के बाद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीता रतनानी को जिला अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन संचालन के लिए 10 दिन का प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद सुविधा शुरू की गई। अब प्रतिदिन 10 से 15 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जा रही है।

## कहुआ और जलाऊ लकड़ी के अवैध परिवहन पर कार्रवाई, चार वाहन जब्त

**दुर्ग।** जिले में लंबे समय से जलाऊ और कहुआ की लकड़ी की शिकायत मिल रही थी। इसे लेकर वन विभाग की टीम ने पिछले दो दिनों से अभियान चला रखा है। तस्करी करने वालों की जांच की जा रही है। इस मामले में चार वाहनों को जब्त कर कार्रवाई की गई। विन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर दुर्ग और भिलाई-3 क्षेत्र में टीम ने सुबह 3 बजे से 6 बजे तक विशेष गश्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान अवैध रूप से काष्ठ परिवहन करते हुए कुल चार वाहन पकड़े गए। वाहन सीजी-10सी 3389 में कहुआ मिश्रित जलाऊ लकड़ी, टाटा 1109 सीजी-08 एल 3736 में कहुआ मिश्रित जलाऊ लकड़ी, टाटा 1109 सीजी-04 जेसी 9290 में कहुआ मिश्रित गोला, टाटा 1109 सीजी-04 एमएफ 6945 में कहुआ मिश्रित जलाऊ लकड़ी जब्त की गई। वाहनों को जब्त कर पुलगांव एवं पाटन डिपो में लकड़ी जमा कराई गई है। आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई है। अधिकारियों ने बताया कि वन संपदा की सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अवैध काष्ठ परिवहन एवं तस्करी के विरुद्ध सतत निगरानी, सघन गश्त एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



**पहल** गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह शहीदा में हुआ धार्मिक आयोजन

# सिख धर्म के सिद्धांतों से प्रभावित होकर 7 ने की घर वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सिख यूथ सेवा समिति भिलाई ने मानव सेवा माधव सेवा अभियान के तहत सात लोगों की सिख पंथ में घर वापसी करवाई। कार्यक्रम सुपेला स्थित गुरुद्वारा बाबा दीप सिंह शहीदा में हुआ। आयोजन की अगुवाई सिख यूथ सेवा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू और छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल ने की। कार्यक्रम में विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार, जिन लोगों ने पूर्व में पारिवारिक परिस्थितियों या प्रलोभन के कारण धर्म परिवर्तन किया था, उन्होंने सिख धर्म के सिद्धांतों और सेवा भावना से प्रभावित होकर दोबारा सिख पंथ अपनाने का निर्णय लिया। गुरुद्वारा के पाठी सुरेंद्र सिंह दर्दी ने आनंद साहिब का पाठ किया। उसके बाद अरदास और मुखवाक लिया गया। धार्मिक परंपरा के अनुसार सभी को सिरोपाव भेंट कर सम्मानित किया गया और औपचारिक रूप से घर वापसी करवाई गई। इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि जिन लोगों ने किसी कारणवश धर्म परिवर्तन किया है, उनकी परिस्थितियों को समझते हुए घर वापसी के लिए प्रयास जारी रहेंगे। साथ ही जरूरतमंद परिवारों को हर संभव सहयोग देने का भरोसा भी दिया गया।

सिख पंचायत के महासचिव गुरुनाम सिंह और सिख यूथ सेवा समिति के कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह ने बताया कि यह पहल समाज को जोड़ने और सेवा के भाव को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है।कार्यक्रम में पलविंदर सिंह रंधावा, गुरमीत सिंह गांधी, बलजिंदर सिंह कलेर, बीबी कुलवंत कौर, तजिंदर सिंह, हरपाल सिंह, जसवंत सिंह खालसा, सुच्चा सिंह सहित बड़ी संख्या में संगत व माताएं और बहनें मौजूद रहीं।






## खबर संक्षेप

### कार्यकारिणी घोषित बनाए गए 6 उपाध्यक्ष और 12 महामंत्री

दुर्ग। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के अनुमोदन और वरिष्ठ नेताओं की सहमति से शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने अपनी कार्यकारिणी घोषित कर दी है। 6 उपाध्यक्ष, 12 महामंत्री, 12 सचिव एवं 10 कार्यकारिणी सदस्य, एक कोषाध्यक्ष, 4 प्रवक्ता, 2 सह कार्यालय प्रभारी बनाए गए हैं।कोषाध्यक्ष राजू भाटिया, उपाध्यक्ष कौशल किशोर सिंह, दीपक साहू, अब्दुल गनी, अजय शर्मा, राजकुमार पाली, राजकुमार नारायणी, महामंत्री रायसेन ढीकोला, प्रकाश जोशी, जमुना साहू, अजय मिश्रा, विजय चंद्राकर, पोषण साहू, दुष्यंत देवांगन, निकिता मिलिंद, संजय बत्रा, मुकेश साहू, गौरव उमरे, राहुल शर्मा, सचिव राकेश यादव, सुरेंद्र सिंह राजपूत, मनदीप सिंह भाटिया, मुकेश राठी, जगमोहन ढीमर, भूपेंद्र सेन, खुर्शीद अहमद, वेंकट राव शास्त्री, धनंजय साहू, दीपक जैन, अविनाश यादव, सुभाष पाल एवं कार्यकारिणी सदस्य भोजराज यादव, शकुन ढीमर, ज्ञानू बागडे, देव सिन्हा, गिरधर शर्मा, माहेश्वरी ठाकुर, हमीद खोखर, संजय गर्ग, लता जंघेल, उमेश पटेल एवं प्रवक्ता सुशील भारद्वाज, नासिर खोखर, ओमप्रकाश जोशी, नागेंद्र शर्मा व सह कार्यालय प्रभारी बृजेंद्र भारद्वाज, सुमित घोष बनाए गए हैं।

### नवीन वरंदानी को किया प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

भिलाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश



अध्यक्ष राज पंजवानी के निर्देशानुसार नवीन वरंदानी को प्रदेश उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ मनोनीत किया गया है। जन मानस कल्याण संस्थान के तत्वावधान में टीम पुलिस इंडिया रिफॉर्म का हिस्सा बनकर राष्ट्र की आन्तरिक ताकत को मजबूती देने में अपना अमूल्य योगदान देंगे।

### पीएम आवास के मकानों का जल्द होगा आवंटन




दुर्ग। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में गणपति विहार, सरस्वती नगर और मां कर्मा सहित चार प्रमुख स्थलों पर एएचपी घटक अंतर्गत आवासों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। ये आवास कम कीमत में उपलब्ध हैं और इन्हें शीघ्र भरने की प्रक्रिया जारी है। आवास एवं ऋण मेला 16 से 20 फरवरी तक विभिन्न वार्डों में आयोजित किया गया। जिसमें आवास लेने के इच्छुक हितग्राहियों को आवेदन-फॉर्म वितरित किए गए। आवेदकों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ भरे हुए फॉर्म डेटा सेंटर में जमा करने होंगे। इसके बाद पात्र एवं अपात्र की सूची तैयार की जाएगी। योग्य घोषित हितग्राहियों को निर्धारित राशि जमा करने के उपरांत आबंटन पत्र प्रदान किया जाएगा, जिसके बाद अधिपत्य पत्र जारी किया जाएगा। जिन हितग्राहियों के पास स्वयं की पर्याप्त भूमि है और वे मकान निर्माण कराना चाहते हैं, उनसे भी आवेदन व आवश्यक दस्तावेज मांगे गए हैं।

# राज्य के बजट को लेकर कांग्रेस और भाजपा में मिलीजुली प्रतिक्रिया

दुर्ग। छत्तीसगढ़ का वित्तीय बजट मंगलवार को पेश हुआ। बजट को लेकर राजनीतिक पार्टियों, शिक्षाविदों, समाजिक कार्यकर्ताओं में अलग-अलग प्रतिक्रिया देखने को मिली। किसी ने बजट को विकास की इबारत लिखने वाला बताया, किसी ने इसमें ढेरों खामियां गिनाई। शासन का यह बजट केंद्र सरकार के प्रस्तुत बजट के बाद आया है। इसे लेकर लोगों की अपेक्षाएं ज्यादा है। बजट में दुर्ग जिले के लिए कई नई घोषणाएं की गई हैं, वहीं पुराने कार्यों को भी बजट में शामिल किया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 को लेकर कार्ययोजना प्रस्तुत की गई है।

### सर्वहितैषी और सर्वसमावेशी बजट

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज



पाण्डेय ने प्रदेश सरकार के बजट का स्वागत करते हुए कहा कि कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर, उद्यमी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 8,200 करोड का प्रावधान किया गया है। यह योजना महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है। रानी दुर्गावती योजना के तहत परिवार में बालिका के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 1.50 लाख रुपए दिए जाएंगे। रानी दुर्गावती योजना के लिए 15 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### विकसित भारत के अनुरूप है बजट

सांसद विजय बघेल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते



हुए कहा कि बजट समावेशी समदर्शी विकसित भारत की कल्पना अनुरूप खिलाड़ी, महिला, शासकीय कर्मचारी, उद्योग जगत के लिए और अन्य सभी वर्गो के विकास के दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया। विकास के दृष्टिकोण से शहर के साथ-साथ केन्द्र सरकार की वीबी जी राम जी के ग्रामीण विकास की कल्पना छत्तीसगढ़ के बजट में की गई। इस बजट में महिलाओं के लिए महतारी वंदना, महतारी सदन, मुख्यमंत्री लखपति भ्रमण योजना का समावेश किया गया। एजुकेशन सिटी के रूप में क्षेत्र को विकसित किया जाएगा।

### राज्य को आगे ले जाने वाला बजट

विधानसभा के पूर्व स्पीकर और भाजपा के वरिष्ठ नेता



प्रेम प्रकाश पांडेय ने बजट को लेकर कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ को विकास की राह पर आगे ले जाने वाला बजट है। राज्य की भाजपा सरकार ने यह बता दिया है कि वह जनता की हितैषी सरकार है। बजट में हर वर्ग की तरफ पूरा ध्यान रखा गया है। लंबे समय तक नक्सलियों का गढ़ रहे बस्तर में पहले माओवाद को खत्म किया गया। अब वहां विकास की इबारत लिखने की तैयारी इस बजट में नजर आई है। आने वाले समय में सरकार की पहुंच जगरगुंडा से लेकर कोटा तक हो जाएगा।

### विकास की रफ्तार को देगा नई गति

शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि बजट प्रदेश के



सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। जेल तिराहा से महाराजा चौक होते हुए मिनीमाता चौक तक फोरलेन का काम शुरू हो चुका है। अब महाराजा चौक पर 3 करोड़ से फ्लाईओवर की स्वीकृति मिली है। 10 करोड़ से भिलाई में कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, गर्ल्स कॉलेज का रिनोवेशन और 3 करोड़ से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सेंटर, जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना, सीजी आईटी, 300 से ज्यादा स्कूलों में स्मार्ट क्लास और स्कूल, नालंदा परिसर को मंजूरी प्रदान की गई है।

### यह अमृत काल का बजट है

ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बजट का



स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट अमृत काल का बजट है, जो छत्तीसगढ़ के विकास को नई दिशा देगा। इस बजट में गरीब, किसान, महिला और युवाओं के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के हर तबके की तरक्की के लिए एक मजबूत नींव साबित होगा। इस बजट पर किसानों, गरीबों, युवाओं, मातृशक्ति और आदिवासी समाज के सशक्तीकरण को हमने प्राथमिकता दी है।

### मील का पत्थर साबित होगा बजट

वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने बजट को



सौगातों का पिटारा बताया है। उन्होंने कहा कि भिलाई की महानगरीय छवि को निखारने के लिए खजाना खोल दिया है। बजट में भिलाई के यातायात को सुगम बनाने के लिए नए फ्लाईओवर और अंडरब्रिज के निर्माण हेतु जो राशि आवंटित की गई है, उससे वैशाली नगर की जनता को वर्षों से चली आ रही जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं भटकना पड़ेगा। जिला अस्पताल और स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन और नई चिकित्सा मशीनों के लिए किए गए प्रावधान ऐतिहासिक निर्णय हैं।

### दूरदर्शिता का प्रतीक है बजट

दुर्ग जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने



कहा कि यह बजट किसानों, महिलाओं, युवाओं, कर्मचारियों और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण को समर्पित है। बजट में सामाजिक क्षेत्र को 40% प्राथमिकता, पूंजीगत व्यय में वृद्धि, बस्तर एवं सरगुजा जैसे पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार का विशेष रोडमैप, महिलाओं के लिए संपत्ति पंजीयन में 50% छूट तथा रानी दुर्गावती योजना जैसे प्रावधान इसे सर्वस्पर्शी बनाते हैं।

### आकांक्षाओं को पूर्ण करने वाला

दुर्ग महापौर अल्का बाघमार ने बजट को गुड गवर्नेंस,



इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी पर केंद्रित बताया और कहा कि साय सरकार के पहले वर्ष के बजट की थीम ज्ञान गरीब, युवा, अन्नदाता, नारी पर आधारित थी। जबकि पिछले वर्ष के बजट की गति गुड गवर्नेंस, एक्सीलेरेटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, टेक्नॉलॉजी और इण्डस्ट्रीयल ग्रोथ की रणनीति अपनाते हुए इसे संकल्प समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अन्त्योदय, लाइवलीहुड, पॉलिसी से परिणाम तक की अवधारणा में बजट के मूल आधार स्तंभों का संयोजन किया गया है।

### विकास और सुशासन का बजट

भाजपा के वरिष्ठ नेता और बीजेपी के जिला



उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार ने बजट की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बजट संकल्प को साकार करने वाला बजट है। विश्वास, विकास और सुशासन का बजट है। सभी वर्गों का ध्यान इस बजट में रखा गया है। दुर्ग में नए फ्लाई ओवर की स्वीकृति प्रदान की गई है। मोहन नगर थाना के लिए नए भवन को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा शिक्षा, कृषि, रोजगार पर ध्यान दिया गया है।

### स्वर्णिम अध्याय लिखेगा बजट

भाजपा के प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि



1.72 लाख करोड़ रुपए का संकल्प बजट पेश किया गया है। बस्तर से लेकर सरगुजा तक सौगातों की झड़ी लगा दी गई है। बजट में प्रत्येक समाज के साथ-साथ युवाओं से लेकर महिलाओं-बुजुर्गों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। बजट में युवा, महिलाओं और किसानों को ध्यान रखकर प्रावधान किया गया है। लोगों को आर्थिक रूप से फायदा होगा।

### संकल्प को आगे बढ़ाने वाला बजट

अंजोरा। जनपद सदस्य संगीता माखन साहू ने बजट



को प्रदेश को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती योजना के तहत 18 वर्ष पूर्ण करने पर बालिकाओं को 1.5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मिलेगी, जो बेटियों के सशक्तिकरण और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए एक क्रांतिकारी कदम है। इसी तरह किसानों के लिए ब्याज मुक्त ऋण की व्यवस्था, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति देगी और किसान भाइयों-बहनों की आय में वृद्धि करेगी। 23 औद्योगिक पार्क की घोषणा की गई है।

### संवेदनशीलता की मिसाल है बजट

पाटन विकासखंड के ग्राम पंचायत देवादा की



सरपंच लक्ष्मी नीलू वर्मा ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में विकास कार्यों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी प्राथमिकता देते हुए गांव के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को हर सुख-दुख में सहयोग प्रदान किया। बीते एक वर्ष में 10 परिवारों को दशगात्र के अवसर पर सहायता राशि एवं चावल उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

### संकल्प से सिद्धि को समर्पित बजट

भाजपा दुर्ग के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने बजट



को जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप, दूरदर्शी और राज्य को समृद्ध बनाने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज बताया है। कौशिक ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास, क्षेत्रीय संतुलन, मजबूत आधारभूत संरचना, मानव संसाधन विकास, अंतिम छोर तक सेवाओं की उपलब्धता तथा राज्य को निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने पर केंद्रित है। बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट से आने वाले समय में राज्य को आर्थिक मजबूती मिलेगी।

### सुव्यवस्थित और प्रगतिशील बजट

भाजपा नेता राजेन्द्र पाध्ये ने बजट को प्रगतिशील



बजट बताया है। अधोसंरचना, शिक्षा, कानून-व्यवस्था और तकनीकी विकास के क्षेत्र में विशेष सौगात मिली है, जो जिले के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला साबित होगी। शहर की यातायात व्यवस्था सुगम होगी, जाम की समस्या में कमी आएगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी। दुर्ग के मोहन नगर पुलिस थाना के लिए नवीन भवन निर्माण का प्रावधान किया गया है।

### विकास के संकल्प का बजट

भाजपा के जिला प्रवक्ता नितेश साहू ने कहा कि यह



बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प पत्र है। बजट में समाज के प्रत्येक वर्ग किसान, युवा, महिला, मजदूर, व्यापारी और मध्यमवर्ग की आवश्यकताओं का संतुलित और संवेदनशील ध्यान रखा गया है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि विकास केवल शहरों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गांव-गांव तक उसकी रोशनी पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला बजट है।

### दिशाहीन और आंकड़ों की बाजीगरी

ग्रामीण कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने



कहा कि बजट जनविरोधी, दिशाहीन और आंकड़ों की बाजीगरी पर आधारित है। बजट प्रदेश की जनता, किसान, युवा, महिला, कर्मचारी और मध्यमवर्ग की वास्तविक अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। बजट में बड़े-बड़े दावे किए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर राहत देने वाली कोई ठोस और स्पष्ट योजना दिखाई नहीं देती। किसानों के संदर्भ में सरकार ने धान खरीदी, समर्थन मूल्य, बोनस और सिंचाई विस्तार जैसे मुद्दों पर स्पष्ट एवं ठोस प्रावधान नहीं किया गया है।

### दिशाहीन बजट हुआ पेश

शहर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के अध्यक्ष और पूर्व



महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (शहर) के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने इसे जन आकांक्षाओं से दूर और दिशाहीन बजट बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में बड़े-बड़े आंकड़े और आकर्षक शब्दों का प्रयोग किया गया है, लेकिन जमीनी स्तर पर किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए ठोस प्रावधान दिखाई नहीं देते।

### किसानों व युवाओं के लिए कुछ नहीं

भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष



मुकेश चंद्राकर ने कहा कि बजट में आंकड़ों का सिर्फ खेल है। मध्यमवर्गीय परिवार को राहत देने की कोई पहल नहीं की गई है। बेरोजगार युवाओं, महिलाओं, किसानों ,शासकीय कर्मचारियों के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। किसानों के लिए धान खरीदी और समर्थन मूल्य पर कुछ स्पष्ट नहीं है। खाली पड़े सरकारी पदों को भरने के लिए कोई पहल नहीं की गई है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों की बजट में उपेक्षा की गई है।

### सब्सिडी विकास को मिलेगी गति

बजट को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड



इंडस्ट्रीज के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन और भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्र ने स्वागत करते हुए बजट को व्यापार, तकनीक और औद्योगिक विकास का संतुलित रोडमैप बताया है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए ब्याज मुक्त कर्ज, कृषक उन्नति योजना और कृषि पंपों के लिए बड़े प्रावधान किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेंगे। उन्होंने इसे व्यापारियों और किसानों दोनों के लिए लाभकारी बजट बताया।

### एक मजबूत नींव साबित होगा बजट

आशीष नगर रिसाली वार्ड 25 के पार्षद मनीष यादव



ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास को नई दिशा देने वाला है और राज्य के हर वर्ग के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। इस बजट में गरीब, किसान, महिला और युवाओं के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के हर तबके की तरक्की के लिए एक मजबूत नींव साबित होगा। पार्षद मनीष यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओ पी चौधरी को इस बजट के लिए बधाई दी है।

## बंटवारा प्रकरणों का पंजीयन एक हफ्ते के अंदर करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने पंचायतों में राजस्व प्रकरण पंजीयन, ई-ऑफिस क्रियान्वयन, ऑफिसों के बैंक खाते, कोतवाली भूमि संबंधी प्रकरण, भूमि आबंटन हेतु एनओसी, खादानों का सीमांकन और भवनों में बनाये गये वॉटर हार्वेस्टिंग का जियो टैंगिंग की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने शासन की मंशा के अनुरूप पंचायतों को प्रकरण हस्तांतरित की गई है। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को ग्राम पंचायतों में अविवादित, नामांतरण, बंटवारा प्रकरणों के पंजीयन में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी पंचायतों में एक सप्ताह के भीतर पंजीयन दर्ज होना चाहिए। जिन पंचायतों में पंजीयन नहीं होने पर संबंधित पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। कलेक्टर ने कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से फाइल प्रस्तुति पर असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को ई-ऑफिस क्रियान्वयन को गंभीरता से लेने के निर्देश दिये।

### किया जा रहा आधार अपडेट

कलेक्टर ने स्कूल और आंगनबाड़ी बच्चों के आधार अपडेशन की जानकारी ली। साथ ही जन्म प्रमाण नहीं बनने के कारण आंगनबाड़ी के बच्चे जिनका आधार अपडेशन नहीं हो रहे है, ऐसे बच्चों की परियोजनावार सूची ईडीएम को उपलब्ध कराने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की जानकारी ली।

## नेत्रदान कर दी दो लोगों को ज्योति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इंदिरा मार्केट स्थित मिस इंडिया सेल के संचालक श्वेत कुमार मेहता 49 वर्ष के निधन के बाद उनकी आंखों का दान कर दो नेत्रहीनों को ज्योति प्रदान की। मेहता परिवार की ओर से श्वेत मेहता की माता प्रीति बेन मेहता, पत्नी शीतल मेहता, पुत्र दिव्यम, पुत्री रिओना, काका किशोर कुमार ने नम आंखों से नेत्रदान की सहमति दी।

श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ उत्कर्ष बंसल, डॉ श्रेया पंजवानी , डॉ अंजलि कश्यप, डॉ याशिका चंद्राकर व नेत्र प्रभारी विवेक कसार ने हाईटेक हॉस्पिटल पहुंच कर कॉर्निया कलेक्ट किए। नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया, राज आढ़तियाहाईटेक हॉस्पिटल पहुंचे व नेत्रदान की व्यवस्था संभाली।

## सर्व यादव समाज ने की आपत्तिजनक फिल्म पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



दुर्ग जिले में सर्व यादव समाज के बैनर तले विवादित फिल्म के विरोध में ज्ञापन सौंपा गया। समाज के प्रतिनिधियों ने इसे जनभावनाओं से जुड़ा मुद्दा बताते हुए कहा कि यदि मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम यादव समाज के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, फिल्म विकास से जुड़े राष्ट्रीय पदाधिकारियों और छत्तीसगढ़ शासन के नाम संबोधित ज्ञापन जिला कलेक्टर दुर्ग के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में फिल्म पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है।समाज का कहना है कि फिल्म की विषयवस्तु से समुदाय की छवि प्रभावित होती प्रतीत हो रही है, जिससे व्यापक स्तर पर असंतोष पनप रहा है। उन्होंने शासन से संवेदनशीलता के साथ हस्तक्षेप करने की अपील की है। समाज की गरिमा का मुद्दाज्ञापन में कहा गया है कि यादव समाज ने हमेशा राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में भूमिका निभाई है। ऐसे में यदि किसी भी माध्यम से समाज की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचती है, तो स्वाभाविक रूप से आक्रोश पैदा होता है। ज्ञापन सौंपने वालों में मनोज यादव, मनीष यादव, महेश यादव, रोशन यादव, नीरज यादव, ऋषि यादव, गोविंदा लखन यादव, हिमांशु यादव, गोपीचंद यादव, ओम प्रकाश यादव, पार्षद गुड्डु यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

## इंदिरा मार्केट में महापौर का सख्त रुख, अतिक्रमण पर कड़ी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



इंदिरा मार्केट का मंगलवार की शाम महापौर अलका बाघमार ने सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे अग्रसेन चौक स्टेशन रोड से लेकर पुराना बस स्टैंड तक भ्रमण करते हुए बाजार व्यवस्था का जायजा लिया।

- महापौर ने स्वयं किया स्थल का निरीक्षण

इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्रकार, नीलेश अग्रवाल, गोविंद देवांगन, सावित्री दमाहे, अधिकारी राजेन्द्र ढबाले, परमेश्वर, अभ्युदय मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे। बाघमार ने बाजार क्षेत्र में सड़क तक सामान फैलाकर व्यवसाय करने वाले व्यापारियों एवं ठेले-खोमचे संचालकों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि समझाइश दी जा रही है, किन्तु पुनः दुकान के बाहर सड़क तक सामान पाए जाने पर जब्ती एवं जुर्माना की सख्त कार्रवाई की जाएगी। महापौर की उपस्थिति में सड़क तक सामान बाहर रखने वाले कुछ व्यापारियों से मौके पर ही जुर्माना वसूला गया। कुआं चौक के पास स्थित पांडेय जूस कॉर्नर द्वारा सड़क क्षेत्र तक नारियल रखकर व्यवसाय करने पर भी जुर्माना की कार्रवाई की गई। बाजार अधिकारी को निर्देशित किया कि बाजार क्षेत्र में नियमित रूप से विशेषकर शाम के समय निरीक्षण कर सतत निगरानी रखी जाए, ताकि बाजार क्षेत्र सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं यातायात के लिए सुगम बना रहे।

## वार्ड 44 में पानी की समस्या का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वार्ड क्रमांक 44 में महापौर अलका बाघमार ने क्षेत्र का निरीक्षण कर विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वार्ड के रहवासियों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याओं को सुना और आवश्यक निर्देश दिए।

महापौर ने कहा कि नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है और किसी भी वार्ड में बुनियादी सुविधाओं की कमी नहीं रहने दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने महापौर को बताया कि वे पिछले लगभग 40 वर्षों से पेयजल संकट की समस्या से जूझ रहे थे। नियमित एवं पर्याप्त पानी की आपूर्ति नहीं होने के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

## भाजपा महिला मोर्चा ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर के नेतृत्व में महिला मोर्चा ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में युवा कांग्रेस द्वारा किए गए शर्मनाक, अमर्यादित एवं अभद्रतापूर्ण कृत्य के विरोध में महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने दुर्ग के पटेल चौक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज सोनी, अशोक राठी, राजीव पांडेय, मंत्री गायत्री वर्मा, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री बघेल उपस्थित रहे। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भारतीय युवा कांग्रेस का नग्न प्रदर्शन कांग्रेस पार्टी के खत्म होते वजूद का प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भारत की वैश्विक छवि को धूमिल करने और राष्ट्र की प्रतिष्ठा को कम करने का प्रयास किया है। तृप्ति चंद्राकर ने कहा कि पूरी दुनिया की निगाहें भारत पर है। भारत पुनः विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर राजा महोबिया, रजनीश श्रीवास्तव, अविनाश राजपूत, जयश्री राजपूत, राजेश राजपूत, महेंद्र लोढ़ा, कमलेश फेकर, कौशल साहू, मनमोहन शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

- पटेल चौक में किया गया प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### किसान-युवा उपेक्षित, सिर्फ घोषणाओं का बजटः अशोक



**पाटन।** जिला पंचायत दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने वर्ष 2026-27 के राज्य बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि यह बजट आम जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरा है। उन्होंने कहा कि बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ठोस एवं प्रभावी प्रावधानों का अभाव दिखाई देता है। बड़ी-बड़ी घोषणाएं जरूर की गई हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर राहत देने वाली योजनाओं का स्पष्ट खाका नजर नहीं आता।

### गिरोधपुरी धाम मेला दर्शन किया ग्रामवासियों ने



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध धाम गिरोधपुरी धाम में आयोजित मेले के अवसर पर जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम सांकरा के युवा सरपंच रवि सिंगौर अपने गांव के सतनामी समाज के लोगों को साथ लेकर एकदिवसीय धार्मिक भ्रमण के लिए रवाना हुए। इस दौरान श्री सिंगौर संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के पावन धाम गिरोधपुरी में दर्शन कर ग्राम एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करेंगे। दल में सिंगौर के साथ सीताबी बंजारे, रमेश बजारे, मनमोहन बंजारे, अशोक तुरकाने, गौतलाल डहरिया, संजय बंजारे, महेश बांधे, करण बंजारे, श्रीमती गायत्री बंजारे, कुमारी डहरिहा, संजय डहरिया, उमा तुरकाने, संजय सिंगौर (पंच), तुलाराम सिंगौर, महेंद्र पारधी (पंच), कामता सिंगौर, विकास सिंगौर शामिल है।

**सार्वजनिक सूचना**

**नाम संबंधी घोषणा**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **आशा मनोज** है। मेरा वैवाहिक संबंध **श्री एस मनोज** के साथ विधिवत् तलाक द्वारा समाप्त हो चुका है।
मेरे समस्त शासकीय एवं निजी अभिलेख, जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता, ड्राइविंग लाइसेंस आदि, **आशा मनोज** नाम से ही निर्गत हैं। अतः मैं भविष्य में भी अपने सभी आधिकारिक, वैधानिक एवं सामाजिक कार्यों हेतु **आशा मनोज** नाम से ही जानी एवं पहचानी जाऊँगी।
सर्व संबंधितों से अनुरोध है कि भविष्य में मेरा नाम **आशा मनोज** ही मान्य किया जाए।

**आशा मनोज**
आत्मज स्व के गंगाधरन
माता श्रीमती वी एम कमला

## श्री विष्णु महायज्ञ में संत राजीव नयन महाराज का प्रेरक प्रवचन

# सुख आए तो भगवान की दया और दुख आए तो मानिए कृपा : राजीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

**भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल, बड़ी संख्या में जुट रहे श्रद्धालु**



दुर्ग और बालोद जिला के अंतिम छोर में बसे श्री विष्णु महायज्ञ ओटेबंद (बगीचा) में श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन संत राजीव नयन महाराज (श्रीधाम वृंदावन) ने भक्तों को गहन आध्यात्मिक संदेश दिया। महाराज श्री ने कहा कि "जब सुख आए तो उसे भगवान की दया समझना चाहिए और जब दुख आए तो उसे भगवान की कृपा मानना चाहिए।" उन्होंने बताया कि परमात्मा जो करता है, वह जीव के कल्याण के लिए करता है।

मांगने से कुछ नहीं मिलता, बल्कि वही प्राप्त होता है जो परमात्मा की इच्छा होती है। कथा स्थल पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और संत श्री के मुखारविंद से अमृतमयी वचनों का श्रवण किया। भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### नागा बाबा से आशीर्वाद ले रहे भक्तगण



**अंडा।** श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगीचा में नागा बाबा पधारे हुए हैं। यहा 11 दिन का भव्य महाकुम्भ मेला लगा हैं, काशी का बड़ा हनुमान घाट श्री पंच दशनाम नागा बाबा सनत पुरी जी जो एक प्रमुख अखाड़ा का दृश्य दिखाता हैं। यहां नागा साधुओं का निवास है, जो अपनी तपस्या और साधना के लिए जाने जाते हैं, बाबा अभी वर्तमान में पखांजूर में निवासरत है। यहां नागा साधुओं का निवास है, जो अपनी तपस्या और साधना के लिए जाने जाते हैं। नागा बाबा सनत पुरी जी ओटेबंद के महायज्ञ परिसर पर 15 सालो से आ रहे हैं। उनका आशीर्वाद लेने क्षेत्र के पूर्व सरपंच ओटेबंद भागेश्वरी साहू, अंडा से बंशी लाल चन्द्राकर, देवनारायण चन्द्राकर औरविश्वा पुजारी सहित आस पास के ग्रामीण जन पहुंचे।

### टिकेश्वरी बने दुर्ग जिला कांग्रेस ग्रामीण के उपाध्यक्ष



**अंडा।** टिकेश्वरी देशमुख को दुर्ग जिला कांग्रेस ग्रामीण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। टिकेश्वरी देशमुख लगातार चार बार जनपद पंचायत दुर्ग के सदस्य रहे हैं एवं दो बार सभापति के रूप में भी रहे हैं। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री ताम्रध्वज साहू, रविंद्र चौबे और जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर को धन्यवाद ज्ञापित किया हैं।

### तरुण बंजारे बने ब्लॉक कांग्रेस महासचिव



**उतई।** जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 6 रिसाली के कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जिसमे डुंडेरा निवासी तरुण बंजारे को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गयी है। ज्ञात है कि नवनियुक्त महासचिव तरुण बंजारे ने पूर्व में नगर निगम रिसाली व भिलाई में एल्डरमैन, जिला दिशा कमेटी में सांसद प्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अनु,जाति प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव व समन्वयक और जोन कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके है। तरुण बंजारे ने प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू व अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया है।

## अंचल की खबरें

### ग्रामीणों को जी राम जी योजना की दी जानकारी



**सेलूद।** पाटन मंडल भाजपा की नेतृत्व में जी राम जी के तहत जन जागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला भाजपा के अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि वीबी-जी राम-जी के तहत रोजगार गारंटी को 100 से बढ़ाकर 125 दिनों तक विस्तारित करना ग्रामीण परिवारों के लिए एक सशक्त आश्वासन है। यह विस्तार केवल रोजगार के दिनों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन दिनों में किए जाने वाले कार्यों को अधिक उपयोगी, टिकाऊ और परिणाम उन्मुख बनाने पर केंद्रित है। वीबी-जी राम जी योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को अब साल में 125 दिन का सुनिश्चित रोज़गार मिल रहा है। इस योजना से न सिर्फ़ आय बढ़ी है, बल्कि पारदर्शिता, समय पर भुगतान और किसानों के लिए स्थायी आजीविका के लिए विशेष प्रावधान भी सुनिश्चित किए गए हैं। जिला भाजपा के महामंत्री दिलीप साहू, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिव्या कलिहारी, मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर एवं भाजपा की वरिष्ठ नेता हर प्रसाद आडिल सहित मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता के उपस्थित थे।

### वार्षिक अधिवेशन में जुटा आदिवासी समाज



**सेलूद/पाटन।** आदिवासी धुव्र गोंड समाज पाहन्दा (अ) राज द्वारा ग्राम कुरूदडीह में आयोजित वार्षिक अधिवेशन समारोह उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। अपने प्रेरक उद्बोधन में कीर्ति नायक ने आदिवासी समाज के महापुरुषों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा वर्ग एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अधिवेशन का समापन सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और विकास के संकल्प के साथ किया गया।

### कुथरेल में मनाई छत्रपति शिवाजी जयंती



**अंडा।** ग्राम कुथरेल स्थित चन्द्राकर मांगलिक भवन में चन्द्राकर कुर्मी क्षत्रिय समाज (ग्रामीण इकाई) द्वारा छत्रपति शिवाजी जयंती समारोह में मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने छत्रपति शिवाजी महाराज को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। वहीं समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रतिभावान व्यक्तित्वों को स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ललित चंद्राकर, केन्द्रीय महासचिव कुंदन चन्द्राकर, केंद्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर,अध्यक्ष डॉ. त्रमेश्वर चन्द्राकर, उपाध्यक्ष श्री महेन्द्र चन्द्राकर , जनपद सभापति लोमश चन्द्राकर सहित समाज के सम्माननीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### होली के दौरान हुड़दंगियों पर नजर रहेगी पुलिस की

**उतई।** थाना परिसर उतई में होली त्यौहार को लेकर महत्पूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एस डी ओपी अनूप कुमार लकड़ा ने कहा कि होली शांति एवं भाई चारे व प्रेम का त्योहार है। जिसे हम सबको मिलकर शांति,सौहार्द,पूर्ण मनाए जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर होली में कोई हुड़दंग करते हुए पाए जाते हैं तो उनको बिल्कुल बख्शा नही जाएगा और सीधे जेल भेजा जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अनूप कुमार लकड़ा,नायब तहसीलदार शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र नायक, सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग उतई प्रभारी देवेश वर्मा,थाना प्रभारी महेश ध्रुव, श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष ललित साहू, सांसद प्रतिनिधि मोरजध्वज वर्मा समाजसेवी रोहित साहू आदि उपस्थित थे।

## रानीतराई में स्टेडियम व कॉलेज की सौगात पर लग गया ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

रानीतराई में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विकास की गंगा बहाई थी। जिससे सभी वर्गों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी थी। तत्कालीन समय में लिफ्ट एरिगेशन, स्टेडियम, कॉलेज, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनहित मांगो को प्रमुखता से पूर्ण करने हेतु राशि स्वीकृति प्रदान की। लेकिन भाजपा के दो साल के अब तक के शासन में सभी कामों में ग्रहण लग गया। विधायक प्रतिनिधि एवं जिप के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साहू ने अंचल के खिलाड़ियों की मांग पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रानीतराई में करोड़ों रुपए के स्टेडियम का निर्माण करवाए। भाजपा सरकार के पदाधिकारियों द्वारा इसका लोकार्पण डेढ़ साल पूर्व कर तो दिया लेकिन आज तक इसे खिलाड़ियों को नहीं सौंपा गया। जिससे यह स्टेडियम कबाड़ में तब्दील हो रहा है।

जनपद सदस्य रश्मि वर्मा ने कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सौगात पर ग्रहण भाजपा के कुशासन का परिणाम है। जनहित को ध्यान में रखते हुए कॉलेज, स्टेडियम, पीडब्लूडी,जल जीवन मिशन, जल संसाधन, क्रेडा, सीजीएमसी कार्यों की आवश्यकता के अनुसार करोड़ों की स्वीकृत पूर्व मुख्यमंत्री की देन थी।

उन्होंने रानीतराई के विकास में असोगा ग्राम का सहयोग अतुलनीय बतलाते हुए निराशा के साथ कहा कि स्व दाऊ रामचंद्र साहू शास.महाविद्यालय में ग्राम असोगा का नाम भी अंकित करने में भाजपाइयों को परहेज है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पानी का अता पता नहीं है। इससे आम जनता में निराशा है।



## साहित्यिक सांस्कृतिक एवं खेलकूद में मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। महाविद्यालय में विगत दिनों साहित्यिक-सांस्कृतिक एवं विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

पारितोषिक वितरण कार्यक्रम में वर्षभर तथा उक्त प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य डॉ. सोनिता सत्संगी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की उपलब्धियों की जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की ओर निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मीना वर्मा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन लक्ष्य निर्धारण एवं प्रतिभा को सिद्ध करने का सर्वोत्तम समय है। विशिष्ट अतिथि, जनभागीदारी अध्यक्ष लोकेश कुमार साहू ने परिश्रम और अनुशासन को सफलता की आधारशिला बताया। पार्षद एवं जनभागीदारी सदस्य श्रीमती रागिनी निषाद ने अवसरों का समुचित उपयोग कर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। दो दिवसीय आयोजन के अंतर्गत रंगोली, हेयर स्टाइल, मेहंदी, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताओं के साथ-साथ टेबल टेनिस, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, रस्सीकूद, गोला फेंक, क्रिकेट एवं आलू दौड़ जैसी खेलकूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को समारोह में पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति की सदस्य श्रीमती सुनीता कुर्रे, स्थानीय पत्रकारगण, सहायक प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

- विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

## बाबा दरबार में जलेगी नारियल नींबू की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 2 मार्च सोमवार को होलिका दहन किया जाएगा। दुर्ग जिला संभाग से लगे धनोरा मे हर साल नारियल नींबु और पुराने कपड़ों से होली जलाई जाती है। इस तरह के पुरे छत्तीसगढ़ में मात्र बाबा दरबार धनोरा मे ही जलाई जाती हैं।

दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि होलिका दहन पर शाम 5 बजे सभी भक्तगण दरबार के पास इकट्ठा होंगे। नाला के पास दुर्ग रोड पर स्थित बघुवा के मुर्ति के पास पहुंच कर पूजा पाठ करेंगे। फिर लाल रंग की चुनरी कपूरी पान, मिश्री नींबु चढ़ाकर एक एक करके बघुवा के पेट भीतर से पार होंगे। उन्होंने बताया कि पेट भीतर से पार होने से सारे परेशानी दूर होती है। दरबार पहुंचकर सभी मिलजुल कर पूजा पाठ करेंगे और इसके बाद नंद पंडा द्वारा चकमक की आग की चिंगारी से होली जलाई जाएगी। फिर शरीर से नारियल, नींबु, पुराना कपड़ा उतार कर होली मे डाला जाएगा। यहां गुलाब साहू की मंडली फाग गीत प्रस्तुत करेंगी। आयोजन में नंद पंडा,राजू यादव, मनसुखा साहू, मनोज पटेल, रोमनाथ साहू, बबलू, गज्जू रायपुरिहा, जीवराखन ठेकेदार, ललित साहू, रोशन साहू, डॉ धनेशवर साहू, दिनेश साहू, बाबूलाल साहू और कल्याण देवांगन सहित बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। यह जानकारी दरबार प्रति निधी चंन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

## पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को मिली उम्र कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



- अपर सत्र न्यायाधीश दुलार सिंह निर्मलकर ने सुनाया फैसला

उतई थाना क्षेत्र के ग्राम मर्रा में पत्नी की निर्मम हत्या करने वाले आरोपी पति को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश पाटन दुलार सिंह निर्मलकर की अदालत ने आरोपी गोपी राम यादव को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। शासन की तरफ से विशेष लोक अभियोजक शेखर वर्मा ने पैरवी की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, करीब डेढ़ वर्ष पूर्व आरोपी गोपी राम यादव ने आधी रात अपनी पत्नी सकून बाई की टांगिया से वार कर हत्या कर दी थी। घटना के समय पति-पत्नी कमरे में सोए हुए थे। बताया जाता है कि रात के दौरान जब सकून बाई गहरी नींद में थी, तभी आरोपी ने उस पर टांगिया से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सुबह जब घर के अन्य सदस्य जागे तो कमरे का दरवाजा नहीं खुला। संदेह होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने पर दरवाजा तोड़ा गया, जहां आरोपी गोपी राम यादव टांगिया लेकर कमरे के एक कोने में बैठा मिला। पुलिस ने तत्काल उसे हिरासत में ले लिया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक शेखर वर्मा ने पैरवी की। साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई

## डॉ. चन्द्रवंशी का एम्स में डीएम न्यूरोलॉजी में चयन



**पाटन-सेलूद।** रानीतराई निवासी का डॉक्टर वर्णन चंद्रवंशी का चयन एम्स दिल्ली में डी एम न्यूरोलॉजी के लिए हुआ है। पाटन विधानसभा के रानीतराई निवासी विनयकांत चंद्रवंशी और नंदिनी चंद्रवशी के सुपुत्र डॉ. चंद्रवंशी ने एमबीबीएस रायपुर एम्स से प्रवीण सूची में उत्तीर्ण किया था। इसके बाद एम डी मेडिसिन गोल्ड मेडल के साथ महात्मागांधी शासकीय मेडिकल महाविद्यालय इंदौर से उत्तीर्ण की। अब डीएम डिग्री के लिए चयन होने पर रानीतराई नगर सहित अंचलवासी बहुत खुश है और आपने आप में गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। प्रारंभिक छात्र जीवन से ही होनहार छात्र रहे डॉक्टर वर्णन चंद्रवशी का मूल निवास रानीतराई है लेकिन स्कूल की पूरी पढ़ाई दुर्ग-भिलाई से पूरा करने के बाद रायपुर एम्स से एमबीबीएस की डिग्री लिए ली फिर इंदौर से एम डी डिग्री के बाद एम्स दिल्ली में डीएम न्यूरोलॉजी की डिग्री के लिए चयन हुआ है। डॉक्टर वर्णन चंद्रवशी के परिवार डाक्टरी पेशा में रहकर वर्षो से अंचल में सेवा देते आ रहे है ,इनके दादा स्वर्गीय छन्नूलाल चंद्रवशी भी डॉक्टर थे ,बड़े पापा नीलकांत चंद्रवंशी भी डॉक्टर है अब स्वयं वर्णन चंद्रवशी डॉक्टर बनकर अपने परिवार के संस्कार और सेवाभाव को आगे बढ़ाने में लगे है। डॉक्टर वर्णन चंद्रवशी ने कहा कि ये सफलता मेरा एक अकेले का नहीं है ये ऊंचाई ये डिग्री मेरे माता पिता के त्याग तपस्या और बड़े के आशीर्वाद का ही प्रतिफल है जो मैं आज हासिल कर पाया हूं। डॉ. वर्णन के इस सफलता पर पूर्व सरपंच निर्मल जैन, भाजपा नेता धनराज साहू , कांग्रेस नेता वेदप्रकाश वर्मा, जनपद सदस्य रश्मि वर्मा, जनपद सभापति कमलेश वर्मा, सरपंच रानी तराई सत्यनारायण टिकारीहा सहित परिवार व अंचल वासियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बिजनेस साइट

### वीर शहीदों की स्मृति में शहीद कप मैच कराया



**भिलाई।** द्वितीय दिवस एचएमजीएम जन सेवा समिति द्वारा वीर शहीदों की स्मृति में आयोजित शहीद कप का मैच करवाया गया। राष्ट्रगान एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। यह आयोजन देशभक्ति, सम्मान और खेल भावना को समर्पित है। आयोजककर्ता लोकेश पांडे ने अतिथियों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष स्वीटी कौशिक आदि मौजूद थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# शांति नगर दशहरा मैदान को रुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शांति नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने कांग्रेसी नेता बृजमोहन सिंह और पार्षद अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में नगर निगम भिलाई के महापौर व आयुक्त से मुलाकात कर शांतिनगर दशहरा मैदान के संबंध में नागरिकों की भावनाओं से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग रखी कि नगर निगम द्वारा जारी किया गया टेंडर तत्काल निरस्त किया जाए। इस ग्राउंड से हजारों खेल प्रेमियों की खेल भावना जुड़ी हुई है, इसलिए इसे किसी भी प्रकार की टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत न लाया जाए। नागरिकों की ओर से यह मांग रखी गई कि मैदान को टेंडर के माध्यम से नहीं, बल्कि रुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से केवल रख-रखाव के लिए शांतिनगर की किसी स्थानीय समिति या संस्था को सौंपा जाए, ताकि मैदान की नियमित देखरेख, घास में समय पर पानी, लाइटों की निगरानी, गड्ढों की मरम्मत एवं असामाजिक गतिविधियों पर रोक सुनिश्चित की जा सके। वर्तमान में कई बाहरी लोग टूर्नामेंट आयोजित कर एंट्री फीस लेते हैं, परंतु मैदान के रख-रखाव में सहयोग नहीं करते, जिससे मैदान को नुकसान पहुंचता है। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि टेंडर प्रक्रिया समाप्त नहीं की जाती है, तो शांति नगर के सैकड़ों खेल प्रेमी और नागरिक नगर निगम के विरुद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे और यह विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह समाप्त नहीं कर दी जाती।

## टेंडर प्रक्रिया समाप्त होते तक दी थी आंदोलन की चेतावनी



### महापौर नीरज पाल ने दिया आश्वासन

प्रतिनिधियों के अनुसार महापौर नीरज पाल ने चर्चा के दौरान किया कि मैदान को रुचि की अभिव्यक्ति के अनुसार ही दिया जाएगा तथा वर्तमान टेंडर प्रक्रिया में आवश्यक बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि नियम और शर्तें नागरिकों के सुझावों के अनुरूप निर्धारित की जाएंगी। महापौर ने यह भी कहा कि नगर निगम का उद्देश्य भी मैदान को सुरक्षित एवं संरक्षित रखना है, इसी भावना से प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी, जिसे अब नागरिकों की मांग के अनुसार संशोधित किया जाएगा। यह पूरी पहल शांति नगर के नागरिकों की मांग एवं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए की गई है। ज्ञापन देने वालों में बलदेव सिंह ठाकुर, केदार बंसल, आशीष त्रिपाठी, चंद्रभूषण झा आदि शामिल हैं।

### जनहित संघर्ष समिति ने दी आंदोलन की चेतावनी



**भिलाई।** शांति नगर स्थित दशहरा मैदान को टेंडर पर देने की तैयारी के खिलाफ अब विरोध शुरू हो गया है। जनहित संघर्ष समिति ने इसे खिलाड़ियों के हितों पर सीधा प्रहार बताते हुए निर्णय वापस लेने की मांग की है। समिति ने कहा है कि यदि मैदान को निविदा के माध्यम से निजी हाथों में दिया गया तो व्यापक विरोध किया जाएगा। समिति के जिला संयोजक शारदा गुप्ता ने कहा कि नगर निगम द्वारा शांति नगर दशहरा मैदान के लिए टेंडर आमंत्रित किया गया है। निविदा की शर्तों में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक और शाम 5 बजे से 7 बजे तक खिलाड़ियों को निशुल्क उपयोग की अनुमति देने का प्रावधान रखा गया है, लेकिन उनका कहना है कि यह समय खिलाड़ियों के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने बताया कि यहां सैकड़ों खिलाड़ी सुबह 10 बजे तक नियमित अभ्यास करते हैं और शाम को 8 बजे तक प्रशिक्षण चलता है। कई खिलाड़ी इसी मैदान से अभ्यास कर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं। बड़ी संख्या में युवा पुलिस विभाग और अन्य सरकारी सेवाओं की तैयारी करते हुए यहीं अभ्यास करते हैं। कई खिलाड़ियों की नियुक्ति पुलिस के उच्च पदों पर हो चुकी है।

**खिलाड़ियों के अभ्यास पड़ेगा असर** : शारदा गुप्ता ने कहा कि वर्तमान में मैदान की देखरेख खिलाड़ी स्वयं करते हैं। वे आपस में सहयोग राशि जमा कर मैदान को संवारते हैं। पिछले दो महीनों से लगातार पानी देकर मैदान को फिर से हरा-भरा बनाया गया है। ऐसे में यदि मैदान को टेंडर पर दिया गया और वहां शादी-विवाह या अन्य कार्यक्रम होने लगे, तो खिलाड़ियों के अभ्यास पर सीधा असर पड़ेगा।

## खबर संक्षेप



### ब्लास्ट फर्नेस कर्मियों की पत्नियों के लिए कार्यशाला

**भिलाई।** नागरिक सुरक्षा संगठन छग औरज्ञानार्जन एवं विकास विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा ब्लास्ट फर्नेस के कर्मियों की पत्नियों के लिए विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के लघु सभागार में किया गया। कार्यक्रम में कुल 22 महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यशाला में स्वयं और साथियों का बचाव, पीड़ित को सहारा देना एवं सुरक्षित परिवहन, तात्कालिक स्ट्रेचर तैयार करना, रस्सी के माध्यम से बचाव, प्राथमिक उपचार में रक्तस्राव रोकना, कृत्रिम श्वास प्रदान करना आदि विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। बताया गया कि घर की संपूर्ण जिम्मेदारी प्रायः महिलाओं पर होती है तथा किसी भी आकस्मिक घटना में प्रथम प्रतिक्रिया देने वाली गृहिणी ही होती है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल महाविद्यालय, नागपुर से प्रशिक्षित प्रशिक्षकों ने विभिन्न विषयों पर जागरुक किया। अनुभाग अधिकारी/कनिष्ठ स्टाफ अधिकारी, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग श्री स्वतंत्र कुमार ने नागरिक सुरक्षा का उद्देश्य, हमारी भूमिका, आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा, मर्चेंट मिल सुरेन्द्र नंदेश्वर ने बचाव सेवा एवं प्रदर्शन पर जानकारी दी।

## क्लस्टर बदलते समय तीन साल में सभी कर्मियों को नहीं मिलता अपग्रेडेशन

# नान एक्जीक्यूटिव प्रमोशन पॉलिसी में विसंगतियों का खामियाजा भुगत रहे भिलाई संयंत्र कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

### सीटू ने बीएसपी के महाप्रबंधक से की सभी कर्मियों को तीन वर्ष में प्रमोट करने की मांग



भिलाई इस्पात संयंत्र में एनईपीपी प्रमोशन पॉलिसी में सालों बाद भी विसंगतियों का खामियाजा कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। इससे असंतोष बढ़ रहा है। सीटू यूनियन ने क्लस्टर चेंज एस 5 से एस 6 ग्रेड में कर्मचारियों को 3 साल में अपग्रेडेशन अथवा प्रमोशन नहीं मिलने के कारण सीटू ने प्रबंधन से जल्द प्रमोशन पालिसी की खामियों को दूर किये जाने की मांग की है। प्रबंधन ने अध्ययन कर सूचित करने का आश्वासन दिया है।

यूनियन ने बीएसपी के महाप्रबंधक से मिलकर ज्ञापन में मांग की कि नान एग्जीक्यूटिव प्रमोशन पॉलिसी के तहत कर्मियों को क्लस्टर बदलते समय तीन वर्षों में अपग्रेडेशन कर दिया जाए । वरीयता को सुरक्षित करने के लिए नियमानुसार डीपीसी के प्रावधानों का उचित पालन किया जाए। 30 जून 2021 से लागू हुई नान एग्जीक्यूटिव प्रमोशन पॉलिसी में खामियों के चलते कर्मियों को नुकसान हो रहा है।

एक तरफ जहां 30 वर्ष से अधिक समय तक एक ही मशीन में कार्यरत अनुभवी कर्मचारियों की संख्या में कमी आती जा रही है वहीं दूसरे विभागों से स्थानांतरित किए जाने वाले कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ी है। बीमारियों से पीड़ित होने के बाद भी उत्पादन में अपनी भूमिका रहे हैं। ऐसे में एनईपीपी के चलते इन पांच सालों में ही क्लस्टर चेंज के समय 3 साल में प्रमोशन अथवा अपग्रेडेशन ना मिलना इस पॉलिसी की कमजोरी का प्रमाण है।

### कर्मी क्यूबीसीजी व एनईपीपी में

सीटू के महासचिव जोगा राव ने बताया कि कर्मचारियों को एस 5 से एस 6 में नए प्रमोशन पॉलिसी के अंतर्गत प्रमोशन मिलना मुश्किल हो रहा है किसी विभाग में किसी कर्मी को 3 साल में अपग्रेडेशन दे दिया जाता है तो वही दूसरे विभाग में सीनियरिटी का हवाला देकर क्लस्टर चेंज प्रमोशन अथवा अपग्रेडेशन के लिए बुलाया तक नहीं जाता है। यूनियनों के ध्यानाकर्षण पर प्रबंधन कभी क्यूबीसीजी का हवाला दे रहा है तो कभी एन ई पी पी का। क्यूबीसीजी के आधार पर 3 साल में अपग्रेडेशन मिल जा रहा है अन्यथा नान एग्जीक्यूटिव प्रमोशन पॉलिसी में तो कर्मचारी क्लस्टर बी से क्लस्टर सी में जाने के लिए तरस जाते।

### ग्रेड को लेकर भेदभाव

सीटू के मुताबिक अधिकारियों के द्वारा कर्मियों को दिए जाने वाले ग्रेडिंग को कर्मी देख ही नहीं सकते हैं जबकि अधिकारी अपने ग्रेडिंग को ना केवल को देख सकते हैं बल्कि उसे ठीक करने के लिए अपील भी कर सकते हैं। यह सुविधा कर्मियों के लिए नहीं है। इसे यूनियन के कई बार ध्यानाकार्षित करने के बाद भी प्रबंधन की ओर से कभी भी कर्मियों को उनका ग्रेडिंग क्यों नहीं दिखाया जाता है। इसका कोई कारण भी नहीं बताया जाता है। पहली बार महाप्रबंधक प्रभारी मानव संसाधन में कहा कि जल्द ही कर्मचारी भी अपने ग्रेडिंग को अपने स्वयं की आईडी एवं पासवर्ड से देख सकेंगे। इसकी तैयारी चल रही है।

# शास्त्री हॉस्पिटल से हटाया गया टायर पंचर व 500 रुपए जुर्माना वाला नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

■ मामला लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला का

सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में पार्किंग को लेकर जारी विवादित नोटिस आखिरकार हटा दिया गया है। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने कार्रवाई करते हुए उस नोटिस को हटवा दिया, जिसमें डॉक्टरों के लिए आरक्षित पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर टायर पंचर करने और 500 रुपए जुर्माना वसूलने की चेतावनी दी गई थी।

उल्लेखनीय है कि अस्पताल परिसर में लगाए गए नोटिस में स्पष्ट लिखा गया था कि संबंधित पार्किंग स्थल केवल डॉक्टरों के लिए आरक्षित है। किसी भी अनधिकृत वाहन के खड़े होने पर उसके टायर पंचर कर दिए जाएंगे और 500 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। यह नोटिस पिछले कुछ दिनों से नशा मुक्ति केंद्र के पास स्थित पार्किंग स्थल पर चस्पा था। मुख्य द्वार के सामने स्थित पार्किंग अक्सर भर जाने के कारण मरीज और उनके परिजन इसी हिस्से में वाहन खड़े करते थे। मरच्युरी आने वाले लोग भी इसी स्थान का उपयोग करते हैं। रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ओपीडी, इमरजेंसी और अन्य सेवाओं के कारण परिसर में भीड़ रहती है। ऐसे में पार्किंग प्रबंधन की चुनौती बनी हुई है। हरिभूमि ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया, इसके बाद अस्पताल प्रबंधन हरकत में आया। अस्पताल प्रबंधन का कहना था कि पार्किंग में बाहरी लोगों द्वारा वाहन खड़े कर चले जाने की समस्या को रोकने के लिए स्टाफ द्वारा यह नोटिस लगाया गया था, लेकिन मरीजों और आम नागरिकों को असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए नोटिस हटा दिया गया है।

## प्लेट मिल कर्मियों की पत्नियों ने किया संयंत्र भ्रमण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विभाग द्वारा प्लेट मिल विभाग के 22 कर्मचारियों की पत्नियों के लिए "आप भी जानिए" कार्यक्रम के तहत कर्मचारियो की पत्नियों को संयंत्र का भ्रमण कराया गया। एचआरडी केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में सीजीएम कार्तिकेय बेहरा सहित महाप्रबंधक सी पद्मनाभ महाप्रबंधक प्रभारी जेएन ठाकुर व उप महाप्रबंधक प्रताप शेखर नायक अतिथि थे। संयंत्र भ्रमण के दौरान प्रतिभागियों ने यूआरएम, ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस-3, सीओ एंड सीसीडी, रोज गार्डन तथा प्लेट मिल का अवलोकन किया। उन्होंने प्लेट मिल के शॉप फ्लोर का भी दौरा किया ।

## मेडिकल कैशलेस योजना का स्वागत विधायक रिकेश का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



छत्तीसगढ़ के विधानसभा सत्र की शुरुआत के साथ ही प्रदेश के 5 लाख सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशियों का सैलाब सा आ गया है। बजट में छत्तीसगढ़ कर्मचारी मेडिकल कैशलेस योजना की विधिवत घोषणा कर दी है। इस बड़ी उपलब्धि के पीछे वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की बेहद सक्रिय और संजीदा भूमिका रही है। उन्होंने न केवल दुर्ग वैशाली नगर के प्रांतीय सम्मेलन में संगठन की सराहना की थी, बल्कि कर्मचारियों के इस दर्द को सदन से लेकर शासन के गलियारों तक पूरी मजबूती से पहुंचाया, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ मेडिकल केशलेस एम्प्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन का यह संघर्ष जून 2022 में शुरू हुआ था। महज 10 संस्थापक सदस्यों के साथ शुरू हुए इस संगठन ने तत्कालीन सरकार की उन विसंगतियों का डंट कर विरोध किया, जिसमें सिर्फ सरकारी अस्पतालों में इलाज की बात कही गई थी। संगठन की मांग थी कि कर्मचारियों को निजी अस्पतालों में भी कैशलेस सुविधा मिले, ताकि छत्तीसगढ़ स्टाफ के लिए मेडिकल कैशलेस सुविधा का वास्तविक लाभ मिल सके।

# निगम आयुक्त ने किया जोन-2 वैशाली नगर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की दिशा में मंगलवार को जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित वृद्धाश्रम स्थल और प्रस्तावित सड़क का जायजा लेते हुए उपस्थित अभियंताओं को जनहित में आवश्यक और बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त ने वैशाली नगर थाना के पीछे 'हमर क्लीनिक' के समीप वृद्धाश्रम के लिए प्रस्तावित स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन यापन के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृद्धाश्रम स्थल के समीप रोड का तत्काल सीमांकन कराया जाए, वैशाली नगर थाना के बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कुरूद सुन्दर विहार के पास कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों की मूलभूत सुविधा विशेषकर सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए सड़क निर्माण के कार्य हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाए ।इस दौरान आयुक्त के साथ मुख्य रूप से येशा लहरे जोन आयुक्त अरविंद शर्मा कार्यपालन अभियंता, अर्पित बंजारे सहायक अभियंता, श्वेता वर्मा उप अभियंता, प्रशन्न तिवारी सहायक राजस्व अधिकारी, शंकर सहानी जोन स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सुपरवाइजर एवं अन्य उपस्थित रहे।

### नाली को करवाया कब्जा मुक्त



नगर पालिक निगम भिलाई जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत विनोबा नगर परिया पारा में किये गये अवैध निर्माण को निगम द्वारा तोड़कर कब्जा मुक्त कराया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर आसाराम ज्ञान सिंह बबलू द्वारा नाली के उपर अवैध अतिक्रमण कर मकान निर्माण कर लिया गया था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत के निर्देश पर जोन-1 का राजस्व एवं बेदखली टीम द्वारा मौका निरीक्षण किया गया। स्थल पर पाया गया कि अतिक्रमणकारी द्वारा नाली के उपर अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया गया है। अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही सहायक राजस्व अधिकारी सुनील जोशी, राजस्व उप निरीक्षक विनोद शुक्ला, इमान सिंह, बेदखली सहायक हरिओम गुप्ता, वार्ड प्रभारी एवं बेदखली दल उपस्थित रहे।







## महापौर शशि वार्डों में पहुंचकर ले रही हैं फीडबैक

# रिसाली के वार्ड 20-21 में नाली सफाई नहीं, नलों से टोटियां गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिन्हा ने मंगलवार को वार्ड 21 का दौरा किया। इस दौरान महापौर ने वार्डवासियों से सीधे मुलाकात संवाद कर वार्ड समस्याओं की जानकारी ली।

लोगों ने बताया कि एनएसपीसीएल के पाइपलाइन के कारण रेलवे लाइन के पास वार्ड 21 बड़े नाले की सफाई के लिए चैन माउंटेन से सफाई नहीं हो पाती। जिससे नाले की निकासी भी नहीं हो पाता इसके लिए महापौर ने कलेक्टर रेल प्रबंधन व एनएसपीसीएल को पत्र लिखकर इस समस्या की समाधान करने की व्यवस्था के लिए भेजेंगी।




### नलों में टोटी नहीं, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

वार्ड में भ्रमण के दौरान महापौर ने देखा कि कई जगह नलों को लोग खुला छोड़ दिए हैं। उन्होने वार्डवासियों से नल को खुला न छोड़ने, जल की बर्बादी न हो, टोटी आवश्यक रूप से लगाए जल संरक्षण हेतु अपील की। वार्ड में लगे सफाई कर्मचारियों के सहयोग करने गीला-सूखा कचरा अलग अलग देने वार्ड को स्वच्छ रखने के लिए कहा। स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य संजू नेताम, अनिल देशमुख, रोहित धनकर, वार्ड 21 की पार्षद ममता सिन्हा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मुकुंद भाउ, हेमिन चतुर्वेदी, चुम्मन देशमुख, राजेंद्र रजक, सुरेंद्र बाघमारे, मनीष साहू, सोना प्रसाद, ममता साहू राहिल, लोकुमल, दयानंद शर्मा, दीपांकर साहू, राहुल, गुलाब दास मानिकपुरी आदि मौजूद थे।

### शहर की सफाई व्यवस्था देखने वार्डों में पहुंची मेयर



वार्ड 20 में रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिन्हा वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने नाली की सफाई पर जोर दिया। लोगों से आव्हान किया कि वे पॉलीथीन व घरों से निकलने वाले कचरे को बाहर न फेंके। निगम के डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले को दे। पालीथीन से नालियां जाम हो रही है। इस दौरान मुख्य रूप से महापौर परिषद के सदस्य संजू नेताम, अनिल देशमुख, रोहित धनकर, राहुल राय, मुकुंद भाउ, हेमिन चतुर्वेदी, चुम्मन देशमुख, राजेंद्र रजक, सुरेंद्र बाघमारे, मनीष साहू, सोना प्रशाद, ममता साहू सहित अन्य मौजूद थे।

04

भूल जाएं भारी ज्वेलरी, चलन में आ गए इस तरह के गहने

लाइव इवेंट

## श्री 1008 सिद्धचक्र महामण्डल विधान की हुई विधिवत शुरुआत



**भिलाई।** शाश्वत पर्व अष्टान्हिका महापर्व के अवसर पर दिगम्बर जैन मंदिर नेहरूनगर भिलाई में आठ दिवसीय श्री 1008 सिद्धचक्र महामण्डल विधान की हुई विधिवत शुरूआत हुई। आठ दिवसीय इस आयोजन के पहले दिन श्रावकों ने श्रीजी का अभिषेक और शांतिधारा किया और समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

जिसके पहले दिन शांतिधारा करने का अवसर श्रावक प्रभादेवी, अर्चना जैन, सम्यक जैन परिवार को मिला, साथ ही उन्हें पहले दिन सौधर्म इन्द्र बनकर विधान में बैठने का सौभाग्य प्राप्त किया। विधान के प्रारंभ में महिलाओं ने कलशों में जल भरकर मंदिर जी की परिक्रमा करते हुये घट यात्रा की, भूमि, मण्डल और पात्रों की शुद्धि उसी जल से किया गया। जिसके बाद समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। अनेकांत जैन के द्वारा संपूर्ण विधि विधान के माध्यम से विधान की शुरूआत की गई और विधान संपन्न कराया गया। विधान के पहले दिन मैनासुंदरी श्रीपाल बनकर विधान में बैठने और सभी के ऊपर गंधोदक छिड़कने का सौभाग्य सुलोचना दीपक जैन परिवार ने प्राप्त किया। विधान के पहले दिन मंगलवार को समाज के सभी सदस्यों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया और विधान के दूसरे दिन यानी आज सभी को अपने साथ परिवारजनों को लाने का निवेदन भी किया गया। मंदिर के सदस्यों ने बताया कि पहली बार श्रीसिद्धचक्र विधान का पाठ और आयोजन संस्कृत में हो रहा है। जो पहले दिन विधान में बैठने से चूक गया वो आने वाले दिनों में आकर विधान में शामिल हो सकते है।



सामूहिक रामायण पाठ करने भारी उत्साह, प्रतिदिन हजारों की संख्या में जुट रहे हैं श्रद्धालु

# राजमहल का वैभव त्याग प्रभु राम ने माता सीता और लक्ष्मण संग किया वनगमन, केंवट संवाद को सुन श्रद्धालुओं की आंखें हुई नम

नेहरू नगर भिलाई स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में चल रहे नवधा रामायण पाठ के चौथे दिन मंगलवार को आयोजन भावपूर्ण रहा। श्रीरामचरित मानस के वनवास प्रसंग और केवट संवाद का मार्मिक वर्णन होते ही मंदिर परिसर में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं की आंखों से आंसू छलक पड़े। रामायण पाठ के चौथे दिन का मुख्य प्रसंग भगवान श्रीराम के वनगमन का था। जब राजमहल का वैभव त्याग कर प्रभु श्रीराम ने माता सीता और लक्ष्मण के साथ वन की ओर प्रस्थान किया, तब वातावरण श्रीराम, जय राम जय जय राम के उद्‌घोष से गूंज उठा।



**भिलाई।** जोधपुर राजस्थान से आये रामायण पाठकर्ता पंडित गिरधर गोपाल आसोपा और पंडित सुशील आसोपा के श्रीमुख से सामूहिक रामायण पाठ के वाचन के दौरान जैसे ही दशरथ-वियोग और अयोध्या की वेदना का वर्णन हुआ, श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। विशेष रूप से केवट प्रसंग ने सभी के हृदय को छू लिया। केवट की सरल भक्ति, समर्पण और प्रभु के प्रति अटूट प्रेम का वर्णन सुनते ही पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया। केवट द्वारा प्रभु के चरण धोने की विनम्र प्रार्थना और सेवा भाव का दृश्य सुनकर अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो उठी।

### भजन-कीर्तन और रामधुन रहा गूंजायमान

मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और रामधुन के साथ भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने एक स्वर में प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। राधा कृष्ण मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय रुंगटा ने बताया कि नवधा रामायण के प्रत्येक दिवस में बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि समाज में धार्मिक एवं आध्यात्मिक जागरण की भावना प्रबल हो रही है।



### अंतिम दिन होगा महाभंडारा

संगीतमय नवधा पारायण रामायण पाठ पं. गिरधर गोपाल आसोपा और पं. सुशील आसोपा जोधपुर वाले के साथ श्रद्धालुओं द्वारा किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ रामायण पाठ कर रहे है। रामायण पाठ के आयोजन से नेहरू नगर समेत पूरा भिलाई क्षेत्र राममय हो गया है। आयोजन के पहले दिन भव्य शोभायात्रा राधाकृष्ण मंदिर नेहरु नगर से प्रारंभ होकर नेहरु नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर में पहुंची। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया था। नवधा पारायण रामायण पाठ 1 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे के मध्य रामायण पाठ का पुण्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। रामायण पाठ के अंतिम दिन दोपहर 1 बजे महाभंडारा का आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष संजय रुंगटा ने बताया कि भिलाई में पहली बार नवधा पारायण रामायण पाठ का आयोजन हो रहा है। इसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।





### रामायण पाठ में भक्तों ने पढ़ी चौपाईयां

इस अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर समिति नेहरू नगर के अध्यक्ष संजय रुंगटा, बंशी अग्रवाल, चतुर्भुज राठी, दिनेश सिंघल, राजकुमार अग्रवाल, संतोष रुंगटा, दिलीप अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सुभाष गुलाटी, विकास सिंघल, सुरेश जैन, मनीष पाण्डेय, रवि प्रकाश पाण्डेय, विजय गुप्ता, खेमचंद मध्यानी, कांतिलाल शर्मा, अशोक सिंघल, राम भगत अग्रवाल के अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## फाउंडेशन डे पर किया रक्तदान, पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**भिलाई।** रुंगटा यूनिवर्सिटी का फाउंडेशन डे इस वर्ष सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रक्तदान शिविर, मेगा हेल्थ चेकअप कैंप और मेगा आई चेकअप कैंप से हुई। इन सभी गतिविधियों में 400 से अधिक लोगों ने भाग लिया। रक्तदान शिविर में 118 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के लिए उपयोगी साबित होगा। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष रुंगटा का जन्मदिन भी मनाया गया। जन्मदिन को खास बनाने के लिए पूरे स्टाफ ने मिलकर उन्हें पौधे भेंट किए। इन पौधों को विश्वविद्यालय परिसर में रोपा गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसी क्रम में कुल 600 पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया गया। फाउंडेशन डे के अवसर पर गोदग्राम ढौर गांव के शासकीय स्कूल के 55 बच्चों को विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया गया। बच्चों को विभिन्न विभागों और प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया गया और तकनीकी शिक्षा की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य, रंगोली और विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता में बेस्ट बैट्समैन का खिताब आदित्य राज को मिला, जबकि बॉलर



नीलमणि सिंह रहे। इस दौरान कैरम, चेस, टेबल टेनिस, मेहंदी, कुकिंग प्रतियोगिता, साहित्यिक स्पीच, ग्रुप डिस्कशन, डांस भी हुआ। कार्यक्रम के विजेताओं को कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. सत्यधर्म भारती, डॉ. अल्बर्ट जॉन वर्गीस और डॉ. रेजो रॉय का विशेष योगदान रहा। वहीं, छात्रों में बतौर वालेंटियर हर्षित सिन्हा, विमला चौधरी, राहुल यादव, प्रेरणा और निमेश जायसवाल का विशेष सहयोग रहा।

## आईटीआई के विद्यार्थियों को बांटे हेलमेट दी गई यातायात नियमों की जानकारी



**दुर्ग।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा शासकीय आईटीआई पुलगांव में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने प्रेरित किया गया तथा लगभग 40 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को हेलमेट पहनने, कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, आपातकालीन वाहनों को रास्ता देने, वैध ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने एवं वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखने की अपील किया जा रहा है, जिससे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। कार्यक्रम में परिवहन विभाग के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एसएल लकड़ा, परिवहन निरीक्षक अरूणा साहू, सुभाष बंजारे सांख्यिकी अधिकारी, लोकेश पाटिल सहित संस्था के प्रभारी प्राचार्य मिथलेस सोनखुटिया, प्रशिक्षण अधिकारी बी कुमार, ज्योति प्रसाद और पुष्पा देवांगन उपस्थित थे।

लाइव इवेंट

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुआ बीपी, शुगर, सिकलिन और नेत्र जांच



**भिलाई।** श्री आदर्श महिला समिति के कर्मचारी नगर दुर्ग और शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम दुर्ग के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य का आयोजन किया गया। जिसमें बीपी, शुगर, सिकलिंन नेत्र जांच और आयुष्मान कार्ड बनाये गये। इस दौरान 70 वर्ष से अधिक, वृद्धजनों का 5 लाख का वयवंदन कार्ड भी बनाया गया। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 90 लोगों ने अपना चेकअप कराया। कार्यक्रम की शुरुआत समिति अध्यक्ष इन्दु ढोक द्वारा अतिथियों को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर अलका वाघमार, विशेष अतिथि पार्षद खिलावन मटियारा उपस्थित थे। स्वास्थ्य शिविर में मेडिसिन स्पेशलिट, मेडिकल आफिसर सहित 25 लोगों के स्टाफ ने एक दिवसीय शिविर में अपनी सेवाएं दी। महापौर अलका वाघमार ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अंग दान करना भी सबसे बड़ा दान है, लोगों ने इस बात को समझना चाहिए ताकि मृत्यु के बाद भी अपने शरीर के अंग दूसरे जरुरतमंदो के काम आ सके।

शिविर में उत्कृष्ठ कार्य के लिए डॉक्टर और उनके स्टाफ को समिति द्वारा प्रतिक चिन्ह, गुलदस्ता और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया साथ ही उनके निःस्वार्थ किये गये कार्य कि सराहना की गई। इस कार्यक्रम में समिति और कालोनी की बबीता रोडगे, मीना पटले, अनिता वर्मा, पूर्णिमा टण्डन, वैशाली मेश्राम, अनिता रामटेके, प्रमिला खापर्डे, विशाखा खापर्डे, ज्वाला वन्जारी, प्रतिभा बन्सोड, राजकुमारी सेलारे, जीजा भगत, नेहा बागड़े, राज इंदिरा, राधिका यादव सहित सभी महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का समापन ललिता मुन ने किया।



शासकीय महाविद्यालय में संकाय उन्नयन कार्यक्रम के पांचवें दिन जीवन का फर्क नाटक की दी प्रस्तुति

कार्नर न्यूज

## उच्च शिक्षा में लैंगिक पूर्वाग्रह और रूढ़ियों के स्वरूप, कारणों व निदान पर डाला प्रकाश, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने योजनाओं की दी जानकारी

**भिलाई।** शासकीय डॉ वा वा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में फैकल्टी डेव्लपमेंट प्रोग्राम के पांचवें दिन उच्च शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा में लैंगिक पूर्वाग्रह और रुढ़ियों का स्वरूप, उनके कारणों और निदान पर प्रकाश डाला गया। साथ ही पुलिस उप-महानिरीक्षक श्वेता राजमणि द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति के अंतर्गत सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण के अंतर्गत आने वाली वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ योजना सहित कौशल विकास के चलने वाले प्रोजेक्ट और योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा जीवन का फर्क नाटक की प्रस्तुति और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि महाविद्यालयन में निर्मित दृष्टिकोण आगे चलकर सामाजिक संरचना को प्रभावित करता है, इसलिए इन संस्थाओं द्वारा लैंगिक पूर्वाग्रह दूर करने का प्रयास आवश्यक है। मुख्य वक्ता शासकीय चंदूलाल चंद्राकर महाविद्यालय धमधा की प्राचार्या डॉ उषाकिरण अग्रवाल ने उच्च शिक्षण संस्थानों में लैगिंक भूमिका, रुढ़ियों



और उसके पूर्वाग्रह पर व्याख्यान दिया। उन्होंने उच्च शिक्षा में लैंगिक पूर्वाग्रह और रुढ़ियों का स्वरूप समझाते हुए उनके कारणों और निदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक न्याय और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा समाज की अनिवार्य आवश्यकता है इसलिए संस्थानों को लैंगिक पूर्वाग्रहों को समाप्त करने के लिए गंभीर प्रयास करने चाहिए।

### जीवन का फर्क नाटक की दी प्रस्तुति



इस अवसर पर वनस्पति विज्ञान की तान्या हलधर के नेतृत्व में छात्राओं द्वारा जीवन का फर्क नाटक की प्रस्तुति दी गई। मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, रसायनशास्त्र विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ रेशमा लाकेश ने कहा कि छात्रों में लैंगिक समानता का निर्माण करना एक सामाजिक जिम्मेदारी है। यह छात्राओं के व्यक्तित्व विकास और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए ऐसे कार्यक्रम जरुर किये जाने चाहिए। कार्यक्रम का संचालन दीपक ठाकुर और आभार प्रदर्शन डॉ सुषमा यादव द्वारा दिया गया।

### महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने कई प्रोजेक्ट



पुलिस उप-महानिरीक्षक श्वेता राजमणि ने मिशन शक्ति के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि यह भारत सरकार की ऐसी योजना है जिसमें महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जाता हैं। इसे महिला एवं बाल विकास, मंत्रालय द्वारा लागू किया जाता है, इसके अंतर्गत महिलाओं को सुरक्षा व संरक्षण देकर समर्थ बनाया जाता है, इसमें वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ योजना और सशक्तिकरण के लिए कौशल विकास कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जिससे महिलाएं आत्म निर्भर होती है।

**सिटी इवेंट**

## भारत स्काउट्स और गाइड्स ने मनाया विश्व चिंतन दिवस



**दुर्ग।** राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंग खालसा और जिला संघ के वार्षिक कार्यक्रमानुसार विश्व संस्थापक स्काउटिंग के जन्म दाता लार्ड बेडेन पावेल व उनकी पत्नी ऑलेव सेंट क्लेर सोम्य का विश्व चिंतन दिवस दुर्ग पब्लिक स्कूल साई नगर उरला में मनाया गया।

मुख्य अतिथि सरूपा गुप्ता डारेक्टर, प्राचार्य रूही देवांगन, प्रधान पाठीका प्रीति आजमानी, भावना रामटेके, पूजा गोस्वामी,पार्वती साहू, भाविका,अनिता साहू, स्काउट मास्टर, अनील कुमार साहू, एकलव्य दल आदि मौजूद थे। जिला संगठन आयुक्त स्काउट बालक दास राऊत के नेतृत्व में सर्व धर्म प्रार्थना सभा आयोजित किया गया।

**धर्म लाइव**

## 33वें स्थापना दिवस पर त्रिसंगम सतनाम धाम में आज होंगे आयोजन



**भिलाई।** गुरु बालक दास कल्याण समिति भिलाई 3 के तत्वावधान में इस वर्ष भी गिरौदपुरी मेला के अवसर पर त्रिसंगम सतनाम धाम का 33वां स्थापना दिवस समारोह बुधवार को आयोजित किया जायेगा। जिसमें गुरु गद्दी की पूजा अर्चना, पंथी नृत्य, चौका मंगल आरती और शाम 7 बजे से मोर मैना छत्तीसगढ़ लोक मंच की प्रस्तुति होगी। जिसके बाद भंडारा का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष इतवारी राम मधुकर ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक राजमहंत डोमनलाल कोसेवाड़ा, न.पा. निगम भिलाई-चरोदा महापौर निर्मल कोसरे, जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, कृष्णा चंद्राकर सभापति न.पा. निगम, प्रेमसागर चतुर्वेदी, दीपक चंद्राकर, दीप्ति आशीष वर्मा, मनोज डहरिया एवं भुपेन्द्र वर्मा उपस्थित रहेंगे। शाम 5 बजे अतिथियों का आगमन और स्वागत भाषण होगा।

**समाज इवेंट**

## गायक संजय को मिला प्रतिष्ठित बंश बहादुर मल्ल संगीतश्री सम्मान




**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल में उच्च पदस्थ रहे सेवानिवृत्त अफसर और जाने-माने गायक संजय सिंह को गायन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए इस वर्ष का प्रतिष्ठित बंश बहादुर मल्ल संगीत सम्मान प्रदान किया गया। वर्तमान में नोएडा निवासी संजय सिंह को यह सम्मान निराला सभागार, दूसरा तल, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, हज़रतगंज, लखनऊमें प्रदान किया गया। संजय सिंह ने बताया कि यह प्रतिष्ठित सम्मान संगीत कला के विभिन्न रूपों में उपलब्धि के लिए दिया जाता है। सम्मान समारोह में संजय सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए मन रे तू काहे न धीर धरे और मधुबन खुशबू देता है गीत सुनाकर समा बांध दिया। इस कार्यक्रम में मनोज कांत, पवन सिंह, कामेश्वर सिंह और प्रकाश गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पूनम वर्मा ने किया। समारोह में आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल ,पश्चिम बंगाल और हरियाणा आदि राज्यों के चयनित लोगों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें वीरकेश्वर मल्ल सम्मान ओलंपियन संजीव सिंह, डॉ. सुधाकर अदीब, डॉ विजयानंद, सुशील कुमार सिंह और डॉ. राजीव कुमार शुक्ल और डॉ. मधुमिता भट्टाचार्य को सम्मानित किया गया। संजय सिंह भारतीय गायक, संगीतकार और रचनाकार हैं। उन्होंने सोनी, जी और दूरदर्शन जैसे प्रमुख भारतीय टेलीविजन चैनलों के लोकप्रिय रियलिटी शोज में विजयी होकर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। गायक के साथ-साथ वे एक प्रतिभाशाली संगीतकार भी हैं। उनकी कई संगीत रचनाएं टी-सीरीज जैसे प्रमुख म्यूजिक लेबल्स द्वारा जारी की गई हैं।

## निरंकारी मिशन का सेवा और समर्पण अभियान स्वच्छ जल-स्वच्छ मन से किया सेवाकार्य



**भिलाई।** स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान के चौथे चरण का आयोजन सेक्टर 8 स्थित नहर के पास सफाई अभियान दवरा किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही सेक्टर 8 में सैकड़ो अनुयायियों ने इस अभियान में अपनी सेवाएं देकर स्वच्छता का संदेश दिया। संत निरंकारी मिशन ब्रांच दुर्ग भिलाई द्वारा स्वच्छ जल- स्वच्छ मन अभियान के अंतर्गत सेक्टर 8 नहर के पास सघन सफाई अभियान किया। शंकर सचदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज और निरंकारी राजपिता रमित के मार्गदर्शन में भारतवर्ष के 25 राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेश के 930 शहरों के 1600 से अधिक स्थानों पर एक साथ संपन्न हुआ, जिसमें लगभग 12 लाख स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। सफाई अभियान के बाद आयोजित सत्संग कार्यक्रम में ब्रांच संयोजक सतपाल सैनी ने कहा कि प्रत्येक श्रद्धालु तन-मन-धन को निरंकार की देन मानते हुए निष्कपट भाव से सेवा में जुड़े है, जब सेवा स्वार्थरहित होती है, तभी वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाती है।

**ओबीसी सूची में शामिल करने और 10 हजार वर्गफीट जमीन की मांग को लेकर भी हुई चर्चा**

# 70 वर्षों से निवासरत वाडाबलिजा परिवारों को नहीं मिली सामाजिक मान्यता, एकजुट होकर करेंगे प्रयास

**भिलाई।** सेक्टर-6 स्थित सतनाम भवन में वाडाबलिजा तेलुगू महा सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समाज की पहचान, सामाजिक मान्यता और भविष्य की दिशा को लेकर अहम मांगें उठीं। मंच पर क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि मौजूद रहे और समाज की बात सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अन्य अतिथियों के रूप में उनके साथ भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, भाजपा युवा नेता मनीष पांडे और सर्व समाज कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एल. जगन्नाथ राव ने की। सम्मेलन के चेयरमैन मोरिपल्ली बाबू राव ने कहा कि वाडाबलिजा समाज मूलतः आंध्रप्रदेश के श्रीकाकुलम जिले के समुद्री तटीय क्षेत्र से जुड़ा मछुआरा समुदाय है। पिछले लगभग 70 वर्षों से यह समाज छत्तीसगढ़ में निवास कर रहा है, लेकिन अब तक उन्हें राज्य में सामाजिक मान्यता नहीं मिली है। समाज की ओर से दो प्रमुख मांगें रखी गईं जिसमें वाडाबलिजा समाज को छत्तीसगढ़ की अन्य पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने और समाज के मंगल भवन के लिए कम से कम 10 हजार वर्गफीट जमीन आवंटित करना शामिल हैं। इस पर राकेश पाण्डेय ने कहा कि वे राज्य सरकार और मुख्यमंत्री से संपर्क कर इस विषय में अशासकीय संकल्प लाने का प्रयास करेंगे।



### नृत्य के साथ शास्त्रीय और लोकनृत्यों की प्रस्तुति

कार्यक्रम की शुरुआत रंगोली उत्सव से हुई। दिन में वाडाबलिजा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। शाम को बच्चों ने मत्स्यकार नृत्य के साथ शास्त्रीय और लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। आयोजन की सफलता में समाज के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन सागुरु नारायण स्वामी और संध्या रानी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जी माधव राव ने किया।

### मेहनत और शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ा सकती है

मुख्य अतिथि विजय बघेल ने कहा कि खानपान में भले अंतर हो, लेकिन छत्तीसगढ़ और तेलुगू संस्कृति के मूल मूल्य समान हैं। उन्होंने समाज की एकजुटता और परंपराओं को सराहा। मनीष पांडे ने अपने वक्तव्य में समाज की ऐतिहासिक भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि यह वही समाज है जिसने भगवान श्रीराम की नैया पार लगाई थी। कर्नल मड्डु चंद्र शेखर ने युवाओं को संदेश दिया कि मेहनत और शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ा सकती है। इस अवसर पर कर्नल मड्डु चंद्र शेखर, कैप्टन पोट्टी सोमेश्वर राव, तेलुगू देशम पार्टी के प्रदेश सचिव सूराडा चंद्र मोहन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। पूर्व पदाधिकारियों और समाजसेवियों को भी मंच पर सम्मान मिला।



**मातृभाषा दिवस पर आयोजन**

## भारतीय स्त्री के गौरवशाली परंपरा की ओर लौटना है प्रत्यावर्तन, पढ़े गए आलेख

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ की अग्रणी महिला संस्था स्वयंसिद्धा द्वारा आयोजित गृहणियों की साहित्यिक गोष्ठी बेलन, चक्की और कलम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्मारिका प्रत्यावर्तन पर समीक्षा आलेख पढ़े गए। कार्यक्रम में चित्रकार साधना ढांड, मुख्य वक्ता सरला शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष संतोष झांझी और डॉ.सुचित्रा शर्मा उपस्थित थीं।



संस्था की डायरेक्टर डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने बताया कि महिलाओं में पठन- पाठन और साहित्यिक रुचि जगाने के लिए पिछले सात वर्षों से ऑनलाइन और ऑफलाइन कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गोष्ठियों का आयोजन किया जाता है, जहां घरेलु महिलाएं न केवल साहित्यकारों से रूबरू होती है बल्कि ज्ञान के जगत में प्रवेश करती है। महिलाओं के जागरूक होने से पूरे परिवार को सही दिशा प्राप्त हो सकती है। प्रमुख वक्ता सरला शर्मा ने भाषा की उत्पत्ति से लेकर महिला लेखन तक गंभीर विवेचना पूर्ण उद्बोधन दिया। कवित्री संतोष झांझी ने महिला सशक्तिकरण एवं जागृति का गीत गाया।



इस अवसर पर साधना ढांड को स्वयंसिद्धा सम्मान और माया बेनर्जी को तेजस्विनी सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आलेख पाठ आरती तिवारी, रत्ना दुफारे, स्मिता चौहान, राजकुमारी कनोजे, रीता वैष्णव, रंजना सूरज, राजश्री नायर, देबजानी मजूंमदार, रुमा डे, प्रियंका सिंह और संगीता जायसवाल दवरा किया गया। साथ ही प्रकाशक डॉ.सुधीर शर्मा ने वैभव प्रकाशन की ओर से उपस्थित सभी को उपहार स्वरूप पुस्तकें भेंट की। कार्यकारी अध्यक्ष रीता वैष्णव ने स्वागत भाषण और आभार व्यक्त डॉ.रजनी नेल्सन ने दिया। एक दिवसीय आयोजन में आयुषी दुफारे, रुमा डे, बिंदु नायक, संदीप चक्रवर्ती, योगेश, हितेश कुमार, मिथिलेश, गीता चौधरी, सीमा लदेर, राजश्री नायर, अनीता चक्रवर्ती, इज़ा नेल्सन, हेलन धर, किरण ढांड, शोभा खरलकर, पुनीता कौशल, ज्योति गांधी, अनामिका कपूर, कुदसिया अली, लक्ष्मी, डॉ. पूर्णिमा लाल सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

**खेलकूद**

## अंतरविभागीय खेल प्रतियोगिता इंडोर गेम्स में दिखाया दमखम



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा इंडोर स्टेडियम में अंतरविभागीय खेल प्रतियोगिता हुई। सभी इनडोर खेलों का आयोजन हॉस्टल क्रमांक–2 एवं 3 में प्रतियोगिता ट्रेड अपरेंटिस, एसीटी, ओसीटी प्रशिक्षणार्थियों के साथ विभागीय कार्मिकों एवं अधिकारियों की सहभागिता रही।

समापन समारोह में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, सीजीएमसंजीव श्रीवास्तव, जेएनठाकुर, महाप्रबंधक मुकुल सहारिया, उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद तथा उप महाप्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने स्वागत उद्बोधन दिया। प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, शॉटपुट, गोला फेंक, 100 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले रेस तथा म्यूजिकल चेयर जैसी विभिन्न खेल विधाओं का आयोजन किया गया। विजयी प्रतिभागियों पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय व संचालन लक्ष्मी नारायण अग्रवाल द्वारा किया गया।

**इफ्तार और रात में विशेष नमाज तरावीह में अपनी भागीदारी दे रहे नमाजी**

# रोजा रखने के साथ घरों में बदली दिनचर्या, माहे रमजान में खास इबादत कर बीत रहे दिन-रात, इफ्तारी में जुटे लोग

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** माहे रमजान जारी है और इन दिनों रोजेदारों की दिनचर्या भी बदल गई है। रोजा रखते हुए खास इबादत में लोग डूबे हैं। रोजाना सहरी के वक्त सुबह उठने से लेकर शाम को इफ्तार और रात में विशेष नमाज तरावीह में लोग अपनी भागीदारी दे रहे हैं। रमजान के इस खास महीने की अजमत को देखते हुए लोग इबादत के साथ-साथ दूसरी तैयारियों में भी व्यस्त हैं। मस्जिदों में नमाजियों की तादाद बढ़ गई है, वहीं अफ्तार के वक्त लोग एक साथ रोजा खोलने जुट रहे हैं।



### पांच वक्त की नमाज़ पढ़ने के साथ तिलावत कुरान करें



मस्जिद आयशा हाउसिंग बोर्ड भिलाई के इमाम व खतीब मौलाना सैय्यद फैसल अमीन ने कहा कि इसी महीने में अल्लाह ने अपने आखिरी नबी हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहिस्सलाम पर पवित्र कुरान नाजिल की और इसे तेइस साल में पूरा किया गया। इस महीने के रोजों को फ़र्ज़ किया गया है। मुफ्ती मोहम्मद सोहेल काजी दारूल कजा भिलाई का कहना है कि रोजा पाबंदी से रखना चाहिए क्योंकि यह हर बालिग पुरुष और महिलाओं पर फ़र्ज़ है। अगर कोई बीमार है या सफ़र में है तो उसको कुछ छूट है लेकिन बाद में उसकी भरपाई जरूर करे। जब बीमार सेहतमंद हो जाए और मुसाफिर अपने मुकाम पर पहुंच जाए। शेखुल हदीस मौलाना जकरिया रहमतुल्लाह अलैहि ने अपने रिसाले फजाईले रमजान मुबारक मे लिखा है कि खुदा की तरफ़ से अपने बंदों पर रमजान बहुत बड़ा इनाम है। इस महीने में खुद रोजा रखे, अहकामे खुदावन्दी पूरा पूरा अदा करें। पांच वक्त की नमाज़ पढ़ने के साथ तिलावत कुरान करें जो सारे इंसानियत के लिए हिदायत सीधा रास्ता बताने वाली है।

### सब्र की परीक्षा और इंसानियत की सेवा का महीना



मदरसा ताज उल उलूम रूआबांधा भिलाई के प्रिंसिपल मुहम्मद शाहिद अली मिस्बाही कहते हैं रमजान सिर्फ़ रोज़ा रखने का नाम नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि, सब्र की परीक्षा और इंसानियत की सेवा का महीना है। यह महीना हमें अपने रब से जुड़ने, अपने दिल को साफ़ करने और समाज के कमजोर तबकों के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश देता है। रमज़ान का असली पैग़ाम सब्र है। दिन भर की भूख-प्यास इंसान को यह एहसास दिलाती है कि समाज में कितने लोग ऐसे हैं जो रोज़ाना इसी हालात से गुजरते हैं। जब इंसान खुद भूखा रहता है तो उसे गरीब और जरूरतमंद लोगों का दर्द समझ में आता है। यही एहसास उसे दूसरों की मदद के लिए प्रेरित करता है। इस महीने में जकात, सदका और फितरा देने की खास हिदायत है, ताकि समाज में आर्थिक संतुलन बना रहे और कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। रमज़ान रहमत और बरकत का महीना है। इस महीने में की गई इबादतों का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ सेमीफाइनल में मयंक रहे प्लेयर ऑफ द मैच




**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर-23 कर्नल सी के नायुडु ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 16 अक्टुबर 2025 से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का क्वार्टर फाइनल मैच (21 फरवरी से 24 फरवरी) शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में राजस्थान अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने सेमी फायनल में प्रवेश किया।

राजस्थान अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 100.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 286 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से मयंक वर्मा ने 81 रन तथा राहुल प्रधान ने 58 रन बनाये। उनके अतिरिक्त दीपक यादव ने 36 तथा हर्ष साहु ने 24 रनों का योगदान दिया। राजस्थान अंडर-23 टीम की ओर से गणेश सुथार तथा चेतन शर्मा ने 3-3 विकेट तथा तथा मोहित चंग्रा ने 2 विकेट प्राप्त किए। राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 75.5 ओवरों में 10 विकेट खोकर 181 रन ही बनाए। राजस्थान की ओर से सचिन यादव ने 75 रन तथा सुमित ने 28 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से वरुण सिंह भुई ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 6 विकेट प्राप्त किए। छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 102.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 284 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से मयंक वर्मा ने 90 रन तथा कप्तान दीपक यादव ने 84 रन बनाये। वहीं राजस्थान की ओर से चेतन शर्मा ने 3 विकेट तथा गणेश सुथार ने 3 विकेट प्राप्त किए। मैच की समाप्ति तक राजस्थान ने अपनी दूसरी पारी में 11 ओवरों में 5 विकेट खोकर 84 रन बनाये। राजस्थान की ओर से सुमित तथा दर्शन ने 21-21 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से देव आदित्य सिंह ने 4 विकेट प्राप्त किये। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ। छत्तीसगढ़ ने पहली पारी की बढत के आधार पर सेमी फायनल में प्रवेश किया। मयंक वर्मा प्लेयर ऑफ द मैच बने। सेमी फायनल मैच 01से 04 मार्च तक तमिलनाडु के विरुद्ध रायपुर में खेला जाएगा।

### कृतेश का चयन ईस्ट ज़ोन विजी ट्रॉफी में



**कुम्हारी।** स्थानीय टर्मिनेटर क्रिकेट एकेडमी के उदीयमान क्रिकेटर कृतेश साहू का चयन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित विज्जी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए ईस्ट ज़ोन टीम में किया गया है।

यह चयन न केवल कृतेश की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि टर्मिनेटर इंटरनैशनल क्रिकेट एकेडमी के समर्पित प्रशिक्षण और उत्कृष्ट खेल संस्कृति का भी प्रमाण है। गौरतलब है कि विज्जी ट्रॉफी देश की प्रमुख अंतर-क्षेत्रीय (इंटर-ज़ोनल) क्रिकेट प्रतियोगिताओं में से एक है, जिसमें पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण और मध्य ज़ोन की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धा का अवसर मिलता है। इस प्रतियोगिता में चयनित होना किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जाता है, क्योंकि यह राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का सशक्त मंच प्रदान करता है।

कृतेश साहू पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय टीम के दो बार कप्तान भी रह चुके है। टर्मिनेटर एकेडमी के मुख्य कोच एन.आई.एस क्रिकेट कोच डॉ शबाब कुरैशी ने कहा कि कृतेश शुरू से ही एक समर्पित और मेहनती खिलाड़ी रहे हैं। वो आधुनिक क्रिकेट के सशक्त विकेट कीपर बल्लेबाज है।

### छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा की टीम के बीच जारी है मुकाबला

**भिलाई।** महिला अंडर 23 वनडे एक्स्पोज़र मैच के तीन मैचौ की सीरीज छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा की टीमों के मध्य जारी है। आयोजक छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के इस मैच में बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 छत्तीसगढ़ ने यह मैच 43 रन से जीता।




बल्लेबाजी में छत्तीसगढ़ टीम 166 रन पर आउट हो गई। मांनश्री मौर्य ने 42 रन मिताली शर्मा ने 31 रन, चांद चेलक ने 25 रन और रूमा दास ने 24 रन बनाए। गेंदबाजी में ओडिशा की अनन्या मिश्रा एवं शारदा महानंद ने तीन-तीन विकेट लिए। अलकनंदा ने एक विकेट लिया। तीन खिलाड़ी रन आउट हुए। बल्लेबाजी में ओडिशा टीम 123 रन पर आउट हो गई। पूजा दास ने 53 रन, सुलगना नायक ने 29 रन और सुष्मिता ने 22 रन बनाए। गेंदबाजी में छत्तीसगढ़ की तानिया बेरिया ने 5 विकेट, शांति बघेल ने दो विकेट, साक्षी शुक्ला एवं ऋषिका श्रीवास्तव ने एक-एक विकेट लिए और एक खिलाड़ी रन आउट हुई।

## सुबह का स्वागत करें सेहतमंद ढंग से, रहेंगे हमेशा स्वस्थ्य

# दिन की शुरुआत के साथ ही छोड़नी होगी कुछ आदतें, आज से ही कर लें इनमें सुधार

स्वस्थ दिनचर्या आपको कई प्रकार की बीमारियों से बचाने में मददगार हो सकती है। विशेषकर सुबह की आदतों को लेकर सभी लोगों को और भी अलर्ट रहने की सलाह दी जाती है। इसका सीधा असर आपकी सेहत और उत्पादकता पर देखा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सुबह की आदतें अगर अच्छी होंगी तो आपका पूरा दिन बेहतर और ऊर्जा से पूर्ण हो सकता है। मन की सकारात्मकता और शरीर को स्वस्थ-फिट बनाए रखने में सुबह की कुछ आदतों का विशेष योगदान हो सकता है।

पोषण विशेषज्ञ बताते हैं, जीवन में स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना जरूरी है और इसके लिए जरूरी है कि आप सुबह की आदतों को ठीक रखें। सुबह जल्दी उठने से लेकर आहार में कुछ बदलाव आपके लिए कई प्रकार से लाभकारी हो सकते हैं। सभी लोगों को स्वस्थ दिनचर्या का पालन करते रहना जरूरी है। कुछ आदतों को अभी से छोड़ने का निश्चय कर लें।

### अलार्म को बार-बार न करें स्किप

सुबह बेड से जल्दी उठ पाना हम में से ज्यादातर लोगों के लिए किसी कठिन टास्क से कम नहीं होता है। क्या आप भी अक्सर



सुबह का अलार्म बार-बार स्किप करके स्नूज़ बटन दबाते हैं ताकि थोड़ी देर और नींद पूरी की जा सके? अगर हां तो इस आदत में तुरंत सुधार कर लें। अलार्म को स्नूज करने से सुबह जल्दी उठने की आदत प्रभावित हो सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि सुबह जल्दी उठना आपके शारीरिक और मानसकि दोनों प्रकार की सेहत के लिए बेहतर है।

### चाय-कॉफी से न करें दिन की शुरुआत

चाय-कॉफी में कैफीन पाई जाती है, ये आपको कुछ ही समय में ऊर्जा तो प्रदान कर देती है पर सुबह खाली पेट या बहुत अधिक मात्रा में कैफीन का सेवन करते हैं तो इसके कई प्रकार के साइड इफेक्ट्स की भी खतरा हो सकता है। यदि बहुत अधिक मात्रा में कैफीन का सेवन करते हैं तो इससे नींद की समस्या, चिंता और मूड में बदलाव से संबंधित दिक्कतों का जोखिम हो सकता है। इसके अलावा हाई कैफीन का सेवन हृदय स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है।



### सुबह का नाश्ता न करें स्किप


कई लोगों का मानना है कि नाश्ता न करने से वजन घटाने में मदद मिलती है। लेकिन वास्तव में ये आदत आपके लिए फायदे की जगह बहुत नुकसानदायक हो सकती है। नाश्ता न करने से मोटापा बढ़ने, मधुमेह और हृदय रोग की समस्याओं का जोखिम भी हो सकता है। शोध से पता चलता है कि रात में 6-8 घंटे खाली पेट रहने के बाद सुबह का नाश्ता न करना आपमें कमजोरी का



कारण बन सकती है। पौष्टिक नाश्ता करना शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण आदतों में से एक है।

### व्यायाम के लिए समय न निकालना

गतिहीन जीवनशैली को शोधकर्ताओं ने कई प्रकार की बीमारियों को बढ़ाने वाला पाया है। अगर आप सुबह व्यायाम करते हैं तो इससे शरीर सक्रिय होता है और मस्तिष्क में हैपी हार्मोन बढ़ता है। वहीं अगर व्यायाम न किया जाए तो इसके कारण वजन बढ़ने और मोटापा होने के साथ दिल का दौरा, स्ट्रोक और सांस लेने में समस्या ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट की शारीरिक गतिविध के लिए रोजाना समय जरूर निकालना चाहिए।



## बच्चे को अकेला छोड़ने से पहले ध्यान में रखें कुछ जरूरी बातें

कई बार छोटे बच्चों को अकेला छोड़कर हमें बाहर जाना होता है। ऐसे में इन 5 बातों को आप भी जान लें। छोटे बच्चे काफी नादान होते हैं। अगर आप भी अपने छोटे बच्चों को कभी- कभी घर में अकेला छोड़कर बाहर जाती हैं तो उन्हें कुछ महत्वपूर्ण चीजों के बारे में बताना जरूरी हैं। इससे आपके बच्चे सुरक्षित रहेंगे। इन दिनों छोटे बच्चे के किडनैपिंग के मामले काफी ज्यादा बढ़ गए हैं। ऐसे में जरूरी हैं कि बच्चों को कुछ खास चीजें बता दी जाएं।

### अनजान व्यक्ति से ना करें बात

हमेशा घर में बच्चों के साथ रहा जाएं ऐसा हो नहीं सकता। ऐसे में आपको अपने बच्चों को बताना चाहिए कि



कोई भी अनजान व्यक्ति घर पर आता है तो उनसे बात ना करें। इतना ही नहीं, उन्हें घर के अंदर आने की अनुमति भी नहीं देनी चाहिए।

### खाना बाहर से ऑर्डर ना करें

कई बार ऐसा देखा गया है कि डिलीवरी बाय अकेले बच्चे को देखकर घर में आकर चौरी जैसी वारदात कर देता है। ऐसे में आपको अपने बच्चों को यह कहना चाहिए कि अकेले होने पर वह बाहर से कोई भी चीज ऑर्डर ना करें।

### रसोई घर बंद कर दें

अगर आपके बच्चे शरारती है तो आपको घर में उन्हें छोड़ने से पहले रसोई घर को अच्छे से बंद कर देना चाहिए। ताकि वह किचन में जाकर गैस को ना छेड़ सकें। उनकी जरूरत का सामान जैसे खाना, पानी उनके कमरे में ही आपको रख देना चाहिए।

### फोन करने को कहें

उन्हें बोलों की किसी भी चीज की जरूरत होने पर आपको उन्हें तुरंत फोन करना चाहिए। ऐसे में आपको उन्हे अपना नंबर बता देना चाहिए या फिर आप नंबर लिखकर भी अपने बच्चों को दे सकते हैं।

### टास्क देकर जाएं

अगर आप चाहती हैं कि आपका बच्चा कुछ ना करें तो उन्हें कुछ भी टास्क दे। जैसे की उन्हें कहे कि वह अपना स्कूल का सारा काम निपटा लें। ऐसे में जब तक आप वापस आएंगे वह अपने काम में व्यस्त रहेगा।




## एलिट ग्रुप क्रिकेट में जारी है मुकाबले अभिषेक और संजीत की शानदार पारी

■ कांकेर, भिलाई और राजनांदगांव में चल रहे मैच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट का आयोजन 21 फरवरी से किया जा रहा है। चौथे दिन रायपुर विरुद्ध भिलाई रायपुर एवं भिलाई के मध्य मैच कांकेर में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 179 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 509 रन बनाये। रायपुर की ओर से के किवनूर सिंह छाबडा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये नाबाद 210 रन तथा अनुराग साहु ने 71 रन बनाये। उनके अतिरिक्त अनुज तिवारी ने 56 रन तथा ऋषि शर्मा ने 54 रन बनाये। वहीं भिलाई की ओर से हर्ष शर्मा तथा नमन ध्रुव ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। भिलाई ने अपनी पहली पारी में 120 ओवरों में 10 विकेट खोकर 312 रन बनाये। भिलाई की ओर से संजित देसाई ने 110 रन तथा हर्ष शर्मा ने 33 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से गगनदीप सिंह ने 4 विकेट तथा





आयुष ठाकुर ने 2 विकेट प्राप्त किए। मैच की समाप्ति तक फॉलोआन खेलते हुये भिलाई ने अपनी दूसरी पारी में 20 ओवरों में 1 विकेट खोकर 36 रन ही बनाये। मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। रायपुर ने पहली पारी की बढत प्राप्त की।

तीन दिवसीय मैच बिलासपुर एवं रायपुर ब्लू के मध्य सिविक सेंटर मैदान भिलाई में खेला गया। बिलासपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बिलासपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 122.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 342 रन बनाए। बिलासपुर की ओर से सन्नी पांडे ने सर्वाधिक 114 रन तथा इम्तियाज खान ने 55 रन बनाए। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से उत्कर्ष तिवारी ने 4 विकेट तथा अमितेश पांडे ने 3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी में 95.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 371 रन बना लिए है। रायपुर ब्लू की ओर से सानिध्य हुरकत ने 190 रन तथा शाश्वत शारदा ने 123 रनों का योगदान दिया।

वहीं बिलासपुर की ओर से मोहित राउत तथा ओम वैष्णव ने 4-4 विकेट प्राप्त किए। मैच की समाप्ति तक बिलासपुर ने अपनी दूसरी पारी में 84.2 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 315 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से अभिषेक सोहगौरा ने नाबाद 101 रन तथा अभिजीत ताह ने 74 रन बनाये। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से उत्कर्ष तिवारी ने 3 विकेट प्राप्त किये। मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। रायपुर ब्लू ने पहली पारी की बढत प्राप्त की।

## जोड़ों का दर्द सताए तो इस्तेमाल करें तिल का तेल



बदलते मौसम में ज्यादातर लोग जोड़ों, हड्डियों, मसल्स, घुटनों और अर्थराइटिस के दर्द से परेशान रहते हैं। कई लोगों को दर्द इतना सताता है कि वह खड़े रहना, बैठना, चलना और झुकना जैसे रोजाना के काम भी नहीं कर पाते हैं। दर्द से बचने के लिए लोग नेचुरल उपायों की खोज में रहते हैं। ऐसे में आप नाभि पर तिल का तेल लगाकर जोड़ों में दर्द से काफी हद तक राहत पा सकते हैं। इसके बारे में हमें एक्सपर्ट जूही कपूर बता रही हैं।

नाभि थेरेपी तेलों से नाभि की मालिश करने का शक्तिशाली सदियों पुराना तरीका है, जो शरीर को डिटॉक्स करता है और कई बीमारियों को ठीक करता है। आयुर्वेद के अनुसार, नाभि शरीर की चेतना का मूल है, जहां बहुत सारी एनर्जी स्टोर होती है। नाभि 72 हजार नसों के माध्यम से शरीर के लगभग हर अंग से जुड़ी होती है, इस प्रकार नाभि की मालिश करने से नर्व एंडिंग उत्तेजित होती है। इससे आपको कई तरह के हेल्थ बेनिफिट्स मिलते हैं। नर्व एंडिंग आपके शरीर की सतह और उसके अंदर लाखों प्वाइंट्स हैं, जो गर्मी, ठंड और दर्द जैसी संवेदनाएं महसूस होने पर ब्रेन को संदेश भेजते हैं।

तिल को इसके पौष्टिक गुणों के कारण ‘तिलहनों की रानी’ कहा जाता है। आयुर्वेद में हमेशा से ही तिल के तेल का अहम स्थान रहा है। तिल के तेल का इस्तेमाल खाने, मालिश करने और नाभि पर डालने के लिए सबसे ज्यादा किया जाता है। शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर, तिल का तेल शरीर में सूजन को कम करने में मदद करता है और फ्री रेडिकल्स के कारण होने वाले ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करता है।

**कार्नर न्यूज**


## ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक हीरा सभी नहीं पहन सकते

# हीरा सदा के लिए है जरूर लेकिन सभी के लिए कुछ राशियों के स्वामी सोच समझ कर पहनें

आपको अपनी राशि को ध्यान में रखते हुए ही कोई भी रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है। अगर आप हीरा रत्न किसी भी रूप में पहनती हैं तो आपको इसके बारे में ज्योतिष से पूरी जानकारी लेनी चाहिए।

कोई भी धातु किसी भी व्यक्ति के लिए शुभ हो ऐसा जरूरी नहीं होता है। ऐसे ही कुछ रत्नों को भी आपके लिए शुभ नहीं माना जाता है और उन्हें धारण करने से फायदे की जगह नुकसान होने लगते हैं। इन्हीं रत्नों में से एक है हीता।

ऐसा कहा जाता है कि हीरा प्रत्येक राशि के लिए सकारात्मक प्रभाव नहीं डालता है और कुछ ऐसी राशियां भी हैं जिन्हें हीरे के गहने किसी भी रूप में धारण करने की मनाही होती है। यदि इन राशियों के लोग हीरे के गहने धारण करते हैं तो इसके दुष्प्रभाव हो सकते हैं। ऐसी मान्यता है कि यदि आप ज्योतिष के नियमों का भली - भांति पालन करते हैं तो आपको कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। आइए ज्योतिषाचार्य डॉ आरती दहिया से जानें कि किन राशि के लोगों को हीरे के गहने नहीं पहनने चाहिए।



### किन राशियों को नहीं पहनना चाहिए हीरा

ज्योतिष की मानें तो कुछ ऐसी राशियां हैं जिन्हें हीरे के गहने या हीरे की अंगूठी नहीं पहननी चाहिए। यदि इन राशियों के लोग हीरे के गहने या अंगूठी पहनते हैं तो फायदे की जगह नुकसान हो सकते हैं।

इन राशियों में से मेष, मीन, कर्क और वृश्चिक हैं जिन्हें हीरा पहनने या अपने पास रखने से मना किया होता है। इन राशियों के लोग यदि इन रत्न को किसी भी रूप में धारण करते हैं तो उनके जीवन में बेवजह परेशानियां आ सकती हैं।

### किन राशियों के लिए हीरा पहनना हो सकता है शुभ

यदि हम ज्योतिष की मानें तो कुछ ऐसी राशियां भी हैं जिनके लिए हीरा धारण करना बहुत शुभ हो सकता है और यदि आप इन राशियों से संबंधित हैं तो आपके लिए हीरा एक सौभाग्य बढ़ाने वाला रत्न हो सकता है। इन राशियों के लिए हीरा रत्न बहुत शुभ हो सकता है। इन राशियों में से मुख्य हैं कन्या और तुला राशि। ऐसा माना जाता है कि यदि आपकी राशि इनमें से कोई भी है तो आपके लिए हीरा पहनना बहुत शुभ हो सकता है।

### हीरा कौन सी उंगली में पहना जाता है?

ज्योतिष के अनुसार हीरे की अंगूठी हमेशा दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली में धारण करनी चाहिए। इस उंगली में पहनी गई अंगूठी से आपको कारोबार में सफलता के साथ करियर में भी उन्नति हो सकती है। इस तरह हीरा पहनने से आपको जीवन में सफलता मिलती है। तर्जनी उंगली को आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है और इसे दृढ़ता, स्थायी, और संकेत की दृष्टि से संबोधित किया जाता है। यदि आप इस उंगली में हीरे की अंगूठी पहनती हैं तो आपको समाज में उच्च स्थान की प्राप्ति, धन की प्राप्ति और राजसी गुणों की प्राप्ति हो सकती है। इसके साथ ही यदि आप रिंग फिंगर में अंगूठी पहनती हैं तो ये आपके जीवन में प्रेम को बनाए रखने में मदद करती है।

### हीरा किस तरह से धारण करना चाहिए?

अगर आप हीरे का कोई भी आभूषण धारण कर रहे हैं तो आपको ध्यान देना चाहिए कि आप इसे धारण करने से पहले अपनी अंगूठी या लॉकेट को गंगा जल, दूध, मिश्री और शहद मिले पानी में एक रात के लिए डुबोकर रखा रहने दें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## तलाक के बाद निकोल ने मनाया गैलेन्टाइन डे, इंस्टाग्राम पर शेयर की खास पोस्ट



एक्ट्रेस निकोल किडमैन और सिंगर कीथ अर्बन के बीच पिछले महीने तलाक हो गया है। लेकिन अब एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें वो अ के ले 'गैलेन्टाइन डे' मनाती नजर आ रहीं हैं।

ऑस्कर जीत चुकीं निकोल ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक फोटो शेयर की, जिसमें वह बेड पर आराम करती नजर आ रही हैं। फोटो में उन्होंने गुलाबी और सफेद धारियों वाली शर्ट पहनी हुई है। खिड़की से आती धूप उनके चेहरे पर पड़ रही है और वह काफी शांत और खुश नजर आ रही हैं। उन्होंने फोटो के कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी गैलेन्टाइन्स।' यह पोस्ट उनके और सिंगर कीथ अर्बन के तलाक के एक महीने बाद आया है। दोनों ने 19 साल की शादी के बाद अलग होने का फैसला लिया। उनकी दो बेटियां हैं- संडे रोज, जो 17 साल की हैं और फेथ मार्गरेट, जो 15 साल की हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल की गर्मियों से ही दोनों अलग रह रहे थे। सूत्रों के मुताबिक, निकोल इस रिश्ते को बचाना चाहती थीं, लेकिन बाद में दोनों ने अलग होने का फैसला कर लिया। गैलेन्टाइन डे हर साल 13 फरवरी को मनाया जाता है। यह दिन खासतौर पर महिलाओं की दोस्ती के नाम होता है। इस दिन लड़कियां और महिलाएं अपनी सहेलियों के साथ समय बिताती हैं, पार्टी करती हैं या साथ में कुछ खास प्लान करती हैं। इसका मकसद है - दोस्ती, प्यार और अपनेपन का जश्न मनाना। यानी अगर आपके पास पार्टनर नहीं है, तब भी आप अपनी दोस्तों के साथ इस दिन को खुशी-खुशी मना सकती हैं। यह खुद से और अपनी खास सहेलियों से प्यार जताने का दिन है।

### टॉलीवुड


## नयनार के बयान पर तृषा का रिएक्शन सोशल मीडिया पर हुआ वायरल



तमिल फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस तृषा कृष्णन ने नयनार नागेंद्रन के एक बयान पर बड़ा रिएक्शन दिया है। नागेंद्रन का बयान अभिनेता-राजनेता विजय थलापति को लेकर दिया गया था, जिसमें तृषा का नाम घसीटा गया था। तमिलनाडु में चुनावी प्रचार-प्रसार के दौरान नयनार नागेंद्रन ने एक विवादित बयान दिया। ये बयान उन्होंने विजय थलापति को लेकर दिया, लेकिन इसमें उन्होंने एक्ट्रेस तृषा को भी घसीट दिया। जिसके बाद ये सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अब इस पर तृषा का भी कड़ा रिएक्शन सामने आया है। दरअसल, तमिलनाडु में चुनावी माहौल गरम है। इसी बीच नागेंद्रन ने विजय की राजनीतिक अनुभव पर विवादित बयान दिया। उन्होंने विजय को बेचारा बताया और उन पर हंसते हुए कहा, 'पहले उन्हें घर से बाहर आना होगा। वह पहले तृषा के घर से बाहर आएं, तभी कुछ हो सकता है।' यह बयान सामने आते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और इसकी भाषा और लहजे को लेकर लोग नागेंद्रन पर सवाल उठाने लगे। बयान के वायरल होने पर तृषा कृष्णन का भी पोस्ट सामने आया। उनका नाम बेवजह घसीटने पर उन्होंने एक्स पर लिखा- 'अपमान को हमेशा उजागर किया जाएगा।' तृषा की ओर से यह भी साफ किया गया कि उनका किसी भी राजनीतिक पार्टी से कोई संबंध नहीं है और न ही उनका राजनीति में आने का कोई इरादा है। इसके बाद उनके लीगल एडवाइजर नित्थ्येश नटराज ने भी एक आधिकारिक स्टेटमेंट जारी किया। स्टेटमेंट में लिखा, 'मेरी क्लाइंट चाहती हैं कि उन्हें सिर्फ उनके काम से पहचाना जाए, किसी कथित राजनीतिक जुड़ाव से नहीं।

### भोजपुरी

## पहले हुआ विवाद फिर महिमा ने डिलीट की सारी पोस्ट, सिर्फ एक्टर के साथ बची हैं तस्वीर



हाल ही में पवन सिंह के साथ महिमा का नाम जुड़ रहा था, ये अफवाह तब शुरू हुई जब एक्ट्रेस को पवन सिंह के बर्थडे में देखा गया था। हालांकि, इस विवाद के बाद से महिमा ने एक्टर के साथ की तस्वीरों को छोड़कर बाकी सभी इंस्टाग्राम पोस्ट डिलीट कर दी है।

पवन सिंह अपनी फिल्मों या गानों को लेकर तो सुर्खियां बटोरते ही हैं, लेकिन इसके साथ ही वो अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खूब चर्चा में रहते हैं। पिछले दिनों एक्टर के बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें वायरल हो गई थीं। इन तस्वीरों में पवन सिंह नशे में दिखे और उनके साथ एक मिस्ट्री गर्ल भी दिखाई दी, जो उनके साथ केक काटती दिखी। बाद में पता चला कि वो मिस्ट्री गर्ल महिमा सिंह हैं, जो कि पवन सिंह के साथ प्रोजेक्ट में काम कर रही हैं। बर्थडे सेलिब्रेशन में महिमा की मांग में सिंदूर देख लोगों ने पवन सिंह की तीसरी शादी का अंदाजा लगाना शुरू कर दिया। लेकिन, पवन सिंह और महिमा दोनों में से किसी ने भी इन अफवाहों पर बातचीत नहीं की है। इन अटकलों के बाद से महिमा के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पवन सिंह के साथ फोटो ने लोगों का ध्यान और खींचा। लेकिन, अब लोगों ने नोटिस किया है कि महिमा ने पवन सिंह के साथ की पोस्ट के अलावा बाकी सभी पोस्ट डिलीट कर दी है। हालांकि, जिस वक्त महिमा को लेकर चर्चा शुरू हुई थी, तो उस वक्त उनके अकाउंट पर कई सारे पोस्ट थे।

लाइफ स्टाइल



वर्साचे का कलेक्शन

वर्साचे ने डारियो विटाले का पहला (और आखिरी) कलेक्शन कैंपेन रिलीज़ किया है। सभी यूरोपियन फैशन हाउस में वर्साचे के लिए पिछले 12 महीने काफी अच्छे रहे हैं। बीते साल मार्च में डोनाटेला वर्साचे ने 27 साल टॉप पर रहने के बाद अपनी क्रिएटिव डायरेक्टर की भूमिका को अलविदा कह दिया। उनकी जगह जल्द ही डारियो विटाले ने ले ली, जो प्राडा के छोटे सिस्टर ब्रांड, मिउ मिउ में पहले डिज़ाइन डायरेक्टर थे। विटाले ने सितंबर में अपना पहला कलेक्शन पेश किया जिसे क्रिटिक्स ने बहुत पसंद किया।

## बालों को घर में कलर करना हैं तो इन बातों का रखें ध्यान

हर बार पार्लर में जाकर हेयर कलर कराना काफी महंगा पड़ जाता है, जिसके चलते बहुत से लोग तो घर पर ही बालों को कलर कर लेते हैं। घर पर बाल कलर करते समय अगर आप कुछ बातों का ध्यान नहीं रखेंगे तो इससे आपके बाल डैमेज हो सकते हैं। ऐसे में आज हम आपको बाल कलर करने के कुछ सही तरीके बताने जा रहे हैं, ताकि आपके बालों में लंबे समय तक रंग टिका रहे। इसके साथ ही इन बातों का ध्यान रखने से आपके बाल खराब नहीं होंगे।

### जरूर करें पैच टेस्ट

अगर आप अपने घर पर ही बालों को कलर करने जा रही हैं तो सबसे पहले पैच टेस्ट जरूर करें। ऐसा करने से आपको ये पता लग जाएगा कि कहीं आपके बालों को ये कलर एलर्जी तो नहीं कर रहा। इसका पैच टेस्ट करने के लिए आप इस रंग को कान के पीछे या कलाई पर लगाएं। टेस्ट करने के बाद 24 घंटे इंतजार करके देखें कि कहीं इससे कुछ दिक्कत तो नहीं हो रही।

### सही से पढ़ें इंस्ट्रक्शंस

आप बाजार से जो भी कलर लेकर आएं हों उसका डिब्बा तुरंत फेंके नहीं। सबसे पहले डिब्बे पर दिए गए इंस्ट्रक्शंस को सही से पढ़ें और उसी के हिसाब से ही कलर लगाएं। सही प्रोसेस से कलर लगाने से आपके बालों में कलर सही से लगेगा।

### समय का रखें ध्यान

बाजार में मिलने वाले हेयर कलर में ये लिखा होता है कि इसे कितने



वक्त तक लगा कर रखना है। अगर आप समय से ज्यादा इसे लगाएंगे तो इससे आपके बाल डैमेज हो सकते हैं।

### नॉन-अमोनिया हेयर कलर का करें चयन

बालों के लिए कलर खरीदते वक्त ध्यान रखें कि ये नॉन-अमोनिया हेयर कलर हो। इससे केमिकल की स्मेल नहीं आती है। इसके साथ ही आंखों में जलन का खतरा भी कम हो जाता है।

## भूल जाएं भारी ज्वेलरी, चलन में आ गए इस तरह के गहने



हल्के-आकर्षक नेकलेस और पेंडेंट ने भारी-भरकम जेवरों के चलन को पीछे कर दिया है। नई-नई डिजाइन में आए पेंडेंट हर उम्र में हर ड्रेस के साथ कैरी किए जा सकते हैं। कई तरह के नेकलेस और पेंडेंट इन दिनों ट्रेंड में हैं। ये अलग-अलग आउटफिट के लिए अलग-अलग डिजाइन में मौजूद हैं। आप अपनी पसंद के कपड़ों के साथ ये हल्के पेंडेंट कैरी करके खूबसूरत दिख सकती हैं।



खास बात यह कि इन नेकलेस और पेंडेंट को हर उम्र की महिला, चाहे वह गृहिणी हो, नौकरीपेशा हो या कॉलेज गोइंग गर्ल, सभी अपनी पसंद के हिसाब से पहन सकती हैं। ये अन्य आभूषणों से बेहद हल्के होते हैं, इसलिए इनको आप हर तरह के कपड़ों, जैसे कि सूट, साड़ी, लहंगा और जींस-टॉप पर पहन सकती हैं।

### लेयर्ड पेंडेंट

लेयर्ड पेंडेंट की खास बात यह है कि यह चेन के साथ कई अन्य मैटेरियल में आते हैं। जिन महिलाओं को चेन पहनने पर गले में खुजली और लाल चकत्ते पड़ते हैं, वे लेयर्ड पेंडेंट पहन सकती हैं। लेयर्ड पेंडेंट मुख्यतः तीन लेयर का होता है, मगर अब यह कई लेयर में भी उपलब्ध है, इसलिए आप अपनी पसंद से कितनी ही लेयर का पेंडेंट खरीद सकती हैं। इस पेंडेंट को आप सूट और सिंपल साड़ी पर पहन सकती हैं। हाई नेक टॉप पर यह पेंडेंट सबसे ज्यादा फबता है। आजकल कॉलेज की लड़कियां इसका सबसे ज्यादा इस्तेमाल करती हैं, जो उनकी गर्दन की शोभा को और बढ़ा देता है।

### फ्लोरल लेयर्ड पेंडेंट

ये पेंडेंट दिखने में बहुत खूबसूरत और क्लासी होते हैं और हर आउटफिट के साथ फिट होते हैं। इस साल सबसे ज्यादा ट्रेड में सूरजमुखी डिजाइन वाला फ्लोरल लेयर्ड पेंडेंट रहा, लेकिन अब ये डेजी और अन्य फ्लोरल डिजाइन में भी आने लगे हैं।

## ब्राइडल लहंगे के लिए ये ट्रेंडी कलर्स रहेंगे बिल्कुल परफेक्ट

ब्राइडल वियर के लिए आपको कई ऑप्शन आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप अपने लुक को स्टेटमेंट देना चाहती हैं तो आउटफिट का चुनाव लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से ही करें। शादी का दिन हम सभी के लिए बेहद खास होता है और इस दिन के लिए हम अपने लुक को कई तरह से कस्टमाइज करवाना भी पसंद करते हैं। वहीं हर वेडिंग सीजन में नए-नए ट्रेंड्स आते हैं, जिन्हें देखकर आगे आने वाले कलेक्शन का अंदाजा हम सब अंदाजा लगाते हैं। बदलते दौर में अपने ब्राइडल वियर को खास बनाने के लिए लेटेस्ट कलर में चल रहे डिजाइंस चुनना बेहद जरूरी होता है। ब्राइडल कलेक्शन की बात करें तो हाल ही इंडिया कोचर फैशन वीक हुआ है, जिसमें काफी बड़े-बड़े नामी डिजाइनर ने अपनी आने वाली वेडिंग कलेक्शन को दिखाया। तो चलिए इन्हीं के हिसाब से जानते हैं कि आने वाले वेडिंग सीजन में आखिर क्या हो सकते हैं ब्राइडल ट्रेंड्स में चल रहे कलर्स। साथ ही बताएंगे इन लुक्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स।



## लुक को स्टाइलिश बनाने स्लीव्स के इन डिजाइंस पर एक नजर जरूर डालें

स्टाइलिश दिखना हम सभी को बेहद पसंद होता है। इसके लिए हम आए दिन हम नए से नए फैशन ट्रेंड को फॉलो भी करते हैं। वहीं लगभग हर तरह की आउटफिट को स्टेटमेंट लुक देने के लिए स्लीव्स के लिए लेटेस्ट चलन में चल रहे डिजाइन को चुनना जरूरी होता है। आजकल आपको इन्टरनेट पर कई तरीके के स्लीव्स डिजाइन आसानी से देखने को मिल जाएंगे। हालांकि इसे स्टाइलिश लुक देने के लिए भी स्टाइलिंग पर काफी अच्छी तरह से ध्यान भी दिया जाता है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं स्लीव्स के लिए कुछ लेटेस्ट डिजाइंस जिसे आप साड़ी से लेकर लहंगे तक या किसी भी तरह की ट्रेडिशनल लुक के साथ कर सकती हैं स्टाइल। साथ ही बताएंगे उससे जुड़ी अमेजिंग स्टाइलिंग टिप ताकि आप दिखे अप-टू-डेट।

### बैलून स्टाइल स्लीव्स

अगर आप एक आउटफिट को अलग-अलग लुक में कैरी करना चाहती हैं तो इस तरीके से अलग से बैलून बनवा सकती हैं। बैलून स्टाइल को आप अपनी स्किसी भी स्लीवलेस ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। इस तरह की बैलून बनवाने के लिए आप सिल्क या क्रेप के कपड़े का इस्तेमाल कर सकती हैं।



कार्नर न्यूज

## शादियों में जाएं तो खास ढंग से सूट पहनकर दिखाएं जलवा, महफिल हो जाएगी फिदा

सब हेडिंग- मौसम शादियों का है तो पीछे क्यों रहें दूल्हे के दोस्त

शादियों का सीजन चल रहा है। ऐसे में जिसके घर में भी शादी है, वो धूमधाम से उसकी तैयारियों में लगा है। घर की शादी के लिए तो सभी घरवाले उत्साहित रहते हैं, लेकिन हमारी जिंदगी में कुछ ऐसे लोग भी होते हैं, जो घरवाले तो नहीं होते, पर उनकी जगह परिवारवालों से कम भी नहीं होती। हम बात कर रहे हैं दोस्तों की। अपने दोस्त की शादी के लिए हर कोई काफी उत्साहित रहता है। जिस तरह से लड़कियां अपनी खास सहेली की शादी के लिए नई साड़ी, नए गहनें खरीदती हैं, ठीक उसी तरह से लड़के भी अपने दोस्त की शादी में जलवा दिखाने के लिए नए-नए सूट बनवाते हैं। अगर आपके दोस्त की भी शादी होने वाली है, और आप अपने लिए नया सूट बनवाने का सोच रहे हैं, तो हम आपको इसके कुछ विकल्प दिखाने जा रहे हैं। आप शाहिद कपूर से टिप्स लेकर अपने लिए सूट तैयार करा सकते हैं।

### पर्पल सूट



अगर आप हर तरह के रंगों को पहनना पसंद करते हैं, तो पर्पल रंग का सूट आप पर काफी जचेगा। इसके साथ पैरों में ब्लैक कलर के स्टाइलिश जूते और ब्राउन कलर का चश्मा लोगों को आपका दीवाना बना सकता है।

### समर सूट

अगर आपके दोस्त की शादी दिन में है, तो ये सूट आपके लिए एक बेस्ट विकल्प साबित हो सकता है। इस समर सूट लुक को पूरा करने के लिए आप इसके साथ स्नीकर्स कैरी कर सकते हैं। इस तरह के सूट के साथ स्नीकर्स काफी कमाल के लगेंगे।

### मैटेलिक सूट

अगर कुछ चमकदार पहनने का सोच रहे हैं, तो इस तरह का मैटेलिक सूट आपको अलग दिखाएगा। इसकी चमक आपको बाकियों से अलग रखेगी। इसके साथ पैरों में मेटल रंग के ही लोफर पहनकर आप अपना जलवा दिखा सकते हैं।

### धोती सूट

अगर आप पैंट में असहज महसूस करते हैं, तो इस तरह का धोती-सूट पहनकर अपना जलवा दिखा सकते हैं। ये ब्लू रंग का धोती सूट आपको स्टाइलिश दिखने में मदद करेगा। आप चाहें तो इसके साथ स्पोर्ट्स शूज पहन सकते हैं।

### पिनस्ट्रिप सूट

इस तरह का सफेद रंग का पिनस्ट्रिप सूट आपको अलग दिखने में मदद करेगा। ऐसे सूट के साथ ब्लैक रंग के जूते पहनें। ये आपको क्लासी दिखने में मदद करेंगे। इस पिनस्ट्रिप सूट से साथ आप अगर ब्लैक टीशर्ट पहनेंगे तो इससे आपका लुक कंप्लीट होगा।

